
फाल्गुन कृष्ण पक्ष पंचमी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 233 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
17 फरवरी 2025 सोमवार

# बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-7


आज का मौसम
32 अधिकतम
17 न्यूनतम

# दिल्ली हिली... भूकंप के तेज झटकों से फैली दहशत

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आज तड़के दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटकों से हड़कंप मच गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 4.0 दर्ज की गई। जानकारी के अनुसार, इस भूकंप का केंद्र नई दिल्ली में था। भूकंप का केंद्र धौला कुआं में दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास रहा। सुबह 5.36 बजे आया ये भूकंप पांच किलोमीटर की गहराई पर था। गनीमत यह रही कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं आई। दिल्ली के बाद अब बिहार के सीवान में भी उतनी ही तीव्रता (4.0) का भूकंप महसूस किया गया है।

## जानमाल का कोई नुकसान नहीं



अफसरों ने बताया कि जिस इलाके में भूकंप का केंद्र था वहां आसपास एक झील है, जहां हर दो से तीन साल में भूकंप की घटनाएं होती रही हैं। 2015 में भी इस इलाके में 3.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। भूकंप से आए तेज झटकों के कारण दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में कई ऊंची इमारतों के लोग घरों से बाहर निकल गये थे। एक्स पर एक पोस्ट में, दिल्ली पुलिस ने कहा, ÷हमें उम्मीद है कि आप सभी सुरक्षित हैं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों ने बताया कि ऐसा लग रहा था जैसे कोई ट्रेन जमीन के नीचे चल रही हो। एक व्यक्ति ने कहा, सबकुछ हिल रहा था। वहीं भूकंप को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट किया। उन्होंने लोगों से शांत रहने की अपील की। साथ ही कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

# जवानों के साहस से जीवंत हुआ बड़ा तालाब






**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि पंच महाभूतों में जल का विशेष महत्व है। चूंकि जीवन की उत्पत्ति जल से होती है, इसलिए जल हमेशा से ही जीवों को लालायित करता हैं। यह बात उन्होंने राजधानी में बोट क्लब पर 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के मौके पर कही। इसकी मेजबानी मप्र पुलिस कर रही है। यादव ने कहा कि जब पुलिस बल एक बार जब ज्वाइन करते हैं तब से रिटायरमेंट तक ÷जवान÷ ही कहलाते हैं। पुलिस बल के कई सदस्यों ने अलग-अलग खेलों, राष्ट्रीय और अंतरराष्टीय गतिविधियों में अपना नाम देशभर में रोशन किया है। आज सीएम मुरैना ग्वालियर के दौर पर भी रवाना हुए हैं,जहां वे चंबल नदी में नौकायन करेंगे और घडियालों को छोडेंगे। इससे पहले भोपाल में सीएस ने कहा कि, वन्यजीवों के लिए मध्यप्रदेश की देश में एक अलग पहचान है। पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा बाघ हमारे देश में पाए जाते हैं और देश के अंदर मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या सबसे अधिक है। इसके अलावा, अब हमारे यहां चीते भी आ गए हैं और घड़ियालों की संख्या भी सबसे ज्यादा है। सीएम बोले, भोपाल का तालाब आज एक अलग प्रकार के आनंद का अनुभव कर रहा होगा। यह तालाब एक हजार साल से भी अधिक पुराना है, लेकिन आज यह हमारे जवानों के साहस और पराक्रम से जीवंत हो उठा है। उनके खेल के प्रति समर्पण ने इस स्थल को नई ऊर्जा दी है। प्रदेश में समुद्र नहीं है लेकिन भोपाल का बड़ा तालाब समुद्र से कम नहीं।

**देशभर के पुलिसकर्मी पहुंचे:** इस पांच दिवसीय वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के नामी-गिरामी खिलाड़ी राजधानी की बड़े तालाब में अपने जौहर दिखाएंगे। अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश पुलिस को सौंपी गई है। इस प्रतियोगिता में खासतौर पर कयाकिंग, केनोइंग व रोईंग स्पर्धाएं होंगी।

## सीएम तय नहीं, भाजपा ने शुरू की शपथ समारोह की तैयारी

### दिल्ली विधायक दल की बैठक तारीख बदली



**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी 27 साल बाद दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है और उसने नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी भी शुरू कर दी है। यह 20 फरवरी को होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इसके एक दिन पहले 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक हो सकती है। शपथ समारोह रामलीला मैदान में करने का विचार बन रहा है। खास बात यह है कि भाजपा ने पहले 17 फरवरी को विधायक दल की बैठक बुलाई थी बताया जाता है कि मुख्यमंत्री के चयन को लेकर पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में उच्च स्तरीय विचार-विमर्श चल रहा है। इनमें प्रवेश वर्मा, आशीष सूद और रेखा गुप्ता सहित कई नामों के कयास हैं। पार्टी ने पहले कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका दौरे से लौटने के बाद दिल्ली में सरकार बनाने का दावा पेश करेगी।

## मायावती ने उत्तराधिकारी को लेकर दिया नया *विजन*



**लखनऊ.** बहुजन समाज पार्टी की राष्टीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि कांशीराम की शिष्या व उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिह्नों पर चलते हुए मैं अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर पार्टी मूवमेंट को आगे बढ़ाने का संघर्ष जारी रखूंगी। इसे आगे बढ़ाने के लिए स्वार्थ, रिश्ते-नाते महत्वहीन हैं। मेरे लिए बहुजन-हित सर्वोपरि है। दरअसल, अपने समधी अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से बाहर करने के बाद उनके इस बयान के सियासी मायने हैं। उन्होंने कहा है कि कांशीराम की तरह ही मेरे जीते-जी भी पार्टी व मूवमेंट का कोई भी वास्तविक उत्तराधिकारी तभी है, जब वह भी कांशीराम की अंतिम सांस तक उनकी शिष्या की तरह पार्टी व मूवमेंट को हर दुख और तकलीफ उठाकर आगे बढ़ाने में जी-जान से लगा रहे।

### स्टेशन पर मची भगदड़ व मौतों के बाद सुरक्षा चुस्त, एक्सपर्ट अफसर तैनात

# अब दिल्ली स्टेशन पर काउंटर से प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी**





रेलवे स्टेशन पर भगदड़ और कई मौतों के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री को अब बंद करने का फैसला हुआ है। यह आदेश 26 फरवरी तक लागू रहेगा। वहीं अन्य जांच आदि भी चल रही है। रेलवे प्रशासन ने ताजा कदम प्लेटफॉर्म पर भीड़ को कंट्रोल करने के लिए उठाया है। साथ ही नई दिल्ली स्टेशन पर रेलवे की तरफ से खास इंतजाम किए गए हैं।

यात्रियों को असुविधा न हो उसके लिए आरपीएफ और टीटी को हर एंट्री पॉइंट पर तैनात किया गया है। इस आदेश के बाद अब अगर किसी के पास जनरल टिकट या रिजर्व टिकट है तभी आप प्लेटफॉर्म पर जा सकते हैं। दिल्ली पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर क्राउड मैनेजमेंट के लिए इंस्पेक्टर रैंक के छह अधिकारियों को तैनात किया है। ये वह अधिकारी हैं जिन्हें यहां काम करने का पहले से अनुभव है। इनमें से कुछ अधिकारी नई दिल्ली रेलवे पुलिस स्टेशन में एसएचओ के पद पर रह चुके हैं। अब बताया जा रहा है कि शनिवार रात को हुई भगदड़ की शुरुआत जांच में पता चला है कि नई दिल्ली स्टेशन पर हर घंटे रेलवे ने 1500 जनरल टिकट बेचे गए थे।

बता दें कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रही थी और अन्य यात्री भी वहां पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच रेलवे ने अचानक प्लेटफॉर्म नंबर 16 से एक विशेष ट्रेन के आने की घोषणा की तो जो यात्री पहले से प्लेटफॉर्म 14 पर जाने की कोशिश कर रहे थे, वह घोषणा के बाद प्लेटफॉर्म 16 की ओर भी दौड़ पड़े, जिससे अफरा-तफरी मच गई और भीड़ बेकाबू हो गई व 18 की मौत हो गयी।

## रीवा-प्रयाग हाईवे पर 15 किमी जाम, महाकुंभ में वीआईपी जमावड़ा, स्टेशन 26 तक बंद

**प्रयागराज।** महाकुंभ में आज फिर जबरदस्त भीड़ उमड़ी है। दोपहर तक करीब साढ लाख लोग स्नान कर चुके हैं। भारी भीड़ के चलते संगम स्टेशन को अब 26 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। प्रयागराज से गुजरने वाली 19 ट्रेनों का रूट बदला दिया गया है। महाकुंभ में तैनात अफसरों की ड्यूटी 27 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। वहीं मेला क्षेत्र में आज भी कई वीआईपी पहुंच रहे हैं। इनमें चार राज्यों के राज्यपाल भी हैं। मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री भी फिर से रोक दी गई है और सभी तरह के पास रद्द कर दिए गए हैं। वाहनों को संगम से 10-12 किमी पहले बनाई गई पार्किंग में रोका जा रहा है, जिससे लोगों को संगम तक पैदल ही जाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि आज महाकुंभ का 36वां दिन है। तेरह जनवरी से अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। वहीं आज भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनोट महाकुंभ में पहुंची हैं और संगम में डुबकी लगाएंगी। इसके अलावा, गुजरात, महाराष्ट्र, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल भी संगम में स्नान करेंगे। उधर रीवा-प्रयागराज हाईवे पर कल से 15 किमी लंबा जाम है जो बमुश्किल खुल रहा है। लखनऊ, कानपुर और जौनपुर के रास्तों पर भी गाड़ियों की लंबी कतारें रहीं। एयरपोर्ट पर भी यात्री जमीन पर बैठे और लेटे हुए नजर आए। आज गंगा पंडाल में 8 घंटे में करीब 10 हजार लोग हैंड प्रिंटिंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे। कल प्रयागराज-रीवा हाईवे पर 15 किमी लंबा जाम लगा। लखनऊ, कानपुर और जौनपुर में गाड़ियों की लंबी कतारें दिखीं। एयरपोर्ट पर यात्री जमीन पर बैठे और लेटे नजर आए।

## अमेरिका से फिर भेजे गए 112 भारतीय

**अमृतसर, एजेंसी**

अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों का तीसरा जत्था बीती देर रात एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। अमेरिकी एयरफोर्स के विमान 112 लोगों को भेजा। इनमें हरियाणा के 44 और पंजाब के 33 लोग शामिल हैं। करीब 6 घंटे की पूछताछ के बाद ये लोग एयरपोर्ट से बाहर आए। डिपोर्ट किए गए लोगों में कुछ बच्चे भी शामिल हैं। बच्चों को डाइपर के साथ दूध उपलब्ध करवाया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुल 18 हजार लोगों को भारत भेजा जाएगा, जिनमें करीब 5 हजार लोग हरियाणा हैं। अब तक कुल 335 भारतीय डिपोर्ट हो चुके हैं।

## शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 600 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स-निफ्टी गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स पिछले बंद 75,939.21 के लेवल से 297 अंक फिसलकर 75,641.41 पर खुला और मिनटों में ही ये 560 अंक से ज्यादा टूटकर 75,294 के लेवल पर पहुंच गया। निफ्टी भी पिछले बंद 22,929.25 के लेवल की तुलना में 22,809.90 पर ओपन होने के बाद गिरावट लेते हुए 200 अंक के पास फिसलकर 22,725 के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आया।


**मेट्रो एंकर**

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-आरोप लगाने की अनुमति नहीं वरना अनुशासनहीनता फैलेगी

# ऑफिस में सीनियर की फटकार इरादतन अपमान नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वर्क प्लेस पर सीनियर्स की डांट-फटकार को 'इरादतन अपमान' मानकर उस पर आपराधिक एक्शन नहीं लिया जा सकता। यह बातें सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कही हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों को अपराध के दायरे में लाने पर गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं, ऐसा करने से ऑफिस का अनुशासन पूर्ण माहौल प्रभावित हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि केवल अपशब्द, असभ्यता या अभद्रता को भारतीय दंड संहिता की धारा 504 के तहत इरादतन अपमान नहीं माना जा सकता है। उल्लेखनीय है कि धारा 504 में शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने का प्रावधान है। इसे अब न्याय संहिता की धारा 352 के तहत बदल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें 2022 के उस मामले को रद्द करते हुए कहीं जिसमें राष्टीय मानसिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के कार्यवाहक निदेशक पर एक सहायक प्रोफेसर को अपमानित करने का आरोप था। इस मामले में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि निदेशक ने उसे अन्य कर्मचारियों के सामने डांटा-फटकारा था। यह भी आरोप था कि निदेशक ने संस्थान में पर्याप्त पीपीई किट नहीं प्रदान की, जिससे कोविड संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरोप पूरी तरह काल्पनिक लग रहे हैं। हमारी राय में, वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दी गई फटकार को 'इरादतन अपमान के इरादे से' नहीं माना जा सकता, बशर्ते कि यह फटकार कार्यस्थल से संबंधित अनुशासन और कर्तव्यों के निर्वहन से जुड़ी हो।





### निष्ठा से पेशेवर कर्तव्य निर्वहन की अपेक्षा सामान्य बात

इस मामले में कोर्ट ने यह भी कहा कि 'यह एक सामान्य अपेक्षा है कि जो व्यक्ति कार्यस्थल पर प्रबंधन करता है, वह अपने जूनियर से अपने पेशेवर कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाने की उम्मीद करेगा।' शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर ऐसे मामलों में आरोप लगाने की अनुमति दी गई, तो कार्यस्थल का अनुशासन प्रभावित होगा और पूरे तंत्र पर नकारात्मक असर पड़ेगा। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजय करोल और संदीप मेहता की पीठ ने स्पष्ट किया कि गुस्से में कही बातें या रूखा व्यवहार 'जानबूझकर अपमान' की श्रेणी में नहीं आते।

### अवैध पार्किंग और कई जगह खुली दुकानों से हो रही परेशानी

# ओवरब्रिज के नीचे हरियाली योजना फेल, सौंदर्यीकरण की जगह गंदगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में हर साल ओवरब्रिज की संख्या बढ़ रही है, लेकिन उसके नीचे के हिस्से का कारगार उपयोग कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा। ब्रिज के नीचे अतिक्रमण रोकने सौंदर्यीकरण के रूप में किया गया प्रयोग पूरी तरह फेल होता नजर आ रहा है। कई जगह ट्रकों से मिट्टी डालकर पौधारोपण करने की व्यवस्था की गई थी। जिमेदारों ने यहां बारिश में पौधे रोपकर हरियाली का दावा कर रहे थे, लेकिन हरियाली और पौधारोपण कहीं दिख नहीं रहा है। ब्रिज के नीचे पौधे तो दूर घास तक नहीं दिख रही है।

इस संबंध में जानकारी एकत्रित की गई तो पता चला कि ब्रिज के नीचे घास और पौधे रोपे गए थे, लेकिन वहां पर धूप ना पड़ने के कारण वह पूरी तरीके से विकसित नहीं हो पा रहे हैं। नगर निगम की लापरवाही की वजह से शहर के तकरीबन हर ओवर ब्रिज के नीचे अवैध रूप से दुकानें खुल गयी हैं। गुमठियों में पान-तंबाकू की दुकानें खुली हैं। ग्लोबल इंवेस्टर समिट में भी इन स्थलों की साफ-सफाई नहीं हो रही है।





### पुराने पौधे बचे नहीं, नए लगाए ही नहीं

यह नजारा लालघाटी चौराहे के राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने ग्रेड सेपेरेटर व स्टेट बैंक चौराहे के ओवर ब्रिज के नीचे का है। स्टेट बैंक ब्रिज के नीचे लगी घास और पौधे सूखकर मैदान में तब्दील हो चुके हैं। नए पौधे बारिश के दौरान भी नहीं लगाए गए। दूसरे ग्रेड सेपेरेटर के नीचे दो साल पहले मिट्टी डाली गई। जिसमें पौधारोपण तो दूर घास तक नहीं लगायी गई। यहीं इसकी बाउंड्री पर लगाए गए पौधे भी बर्बादी की कगार पर है। इसी तरह स्टेट बैंक चौराहा ब्रिज की भी हरियाली गायब हो चुकी है। इसके दोनों साइड पर बड़ी संया में कारों की पार्किंग और फास्टफूड की दुकानें जमती जा रही हैं। जिससे आवागमन भी प्रभावित होता है। ब्रिज के नीचे धूप नहीं पहुंचती है, वाहनों के प्रदूषण के साथ गर्मी का दबाव अधिक होने से पौधे विकसित करने में खासी दिक्कत रहती है। सार्वजनिक जगह पर उतना अधिक ध्यान भी नहीं दिया जा सकता है। जिसके चलते प्रयोग सफल नहीं पाया। यह स्थिति कई ब्रिजों के नीचे देखने को मिल रही है।

### एक साल में हुए 1000 डायलिसिस




# एम्स में होगा प्रदेश का पहला बाल किडनी ट्रांसप्लांट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एम्स में हार्ट ट्रांसप्लांट के बाद जल्द प्रदेश का पहला बाल किडनी ट्रांसप्लांट होने जा रहा है। इसके लिए तीन बच्चों को चिन्हित किया गया है। बच्चों का उनके परिजनों के साथ मैचिंग टेस्ट किया जा रहा है। हाल ही में एस को बाल किडनी रोग देखभाल के लिए अंतरराष्ट्रीय श्रियर पुरस्कार मिला है। यह इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी ने बाल किडनी रोग देखभाल में 2018 से 2024 तक कनाडा की मैकगिल यूनिवर्सिटी के साथ सफल साझेदारी के लिए दिया है। जिसे एम्स भोपाल की ओर से डॉ. गिरीश भट्ट ने विश्व नेफ्रोलॉजी कांग्रेस 2025 में प्राप्त किया।

**इसलिए अहम पुरस्कार यह:** पुरस्कार डॉ. रॉबर्ट डब्ल्यू श्रियर के नाम पर दिया जाता है, जो गुर्दा शोध और वैश्विक नेफ्रोलॉजी शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए जाने जाते हैं। यह समान उन संस्थानों को दिया जाता है। एम्स भोपाल अब विश्व के उन 57 आइएसएन सिस्टर रीनल सेंटर में से एक है, जिन्हें यह मान्यता मिली है। आइएसएन क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मिली मान्यता से एस की प्रतिष्ठा को बढ़ाएगी। भारत और अन्य देशों में विभिन्न चिकित्सा केंद्रों को सहयोग प्रदान करने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बताया जाता है कि डायलिसिस यूनिट ने पिछले साल एक हजार से अधिक डायलिसिस सत्र और 150 प्लाज्मा एक्सचेंज सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। इससे इन बच्चों की जान बचाई गई है। बाल किडनी रोग देखभाल को और बेहतर बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय बाल नेफ्रोलॉजी संघ फैलोशिप और बाल रोग नेफ्रोलॉजी में डीएम कार्यक्रम शुरू किए हैं। एक साल में 1000 डायलिसिस हो चुकी है।

# स्वास्थ्य संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हेल्पेज इंडिया संस्था प्रमुख संस्कृति खरे व प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव राकेश डांगी, नरेंद्र सिंह की मौजूदगी में स्वास्थ्य संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेंस फेडरेशन के जोनल अध्यक्ष महेन्द्रजीत सिंह के साथ भोपाल, इटारसी, हरदा एवं कोच फैक्ट्री ब्रांच के पदाधिकारी व सदस्य मिलाकर 70 रेलवे रिटायर्ड पेंशनर शामिल हुए।

## इन्वेस्टर समिट की तैयारी







भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। साथ ही चौक-चौराहों को भी व्यवस्थित किया जा रहा हैं !

# जीएमसी ने देहदान प्रक्रिया बनाई आसान कॉल पर घर से सम्मान के साथ लाएंगे देह

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) ने देहदान को बढ़ावा देने के लिए नई पहल शुरू की है। घर में आकस्मिक मृत्यु होने पर सिर्फ एक कॉल पर परिजन देहदान कर सकेंगे। जीएमसी में इसके लिए जिम्मेदारों के नंबर जारी किए गए हैं। जिन्हें परिजन कॉल कर इस महादान को कर सकते हैं। सूचना मिलते ही जीएमसी की टीम वाहन के साथ मृतक के निवास पर पहुंचेगी और पूरे सम्मान के साथ पार्थिव शरीर को लेकर मेडिकल कॉलेज आएगी। यही नहीं, प्रबंधन द्वारा देहदान का सर्टिफिकेट और मृत्यु प्रमाण पत्र भी मुहैया कराया जाएगा। प्रबंधन का मानना है कि देहदान से मिली बॉडी के जरिए पढ़ाई कर एक मेडिकल स्टूडेंट डॉक्टर बनता है। जो आगे चलकर मरीजों का इलाज करता है, इसलिए देहदान मानव कल्याण के लिए किया गया महादान है। जीएमसी डीन ने देहदान लिए अहम कदम उठाए हैं। कोई भी व्यक्ति जारी नंबर पर कॉल कर सकता है। साथ ही देहदान करने वालों के परिजनों का 26 जनवरी व 15 अगस्त के दिन सम्मान किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति मेरे नंबर 8085904040 पर भी कॉल कर सकता है। डॉ. रतन कुमार वैश, सुप्रिटेंडेंट, आरआईआरडी (जीएमसी)

**आती थी अड़चन:** अंगदान व देहदान के लिए काम करने वाली किरण फाउंडेशन के सचिव डॉ. राकेश भार्गव के अनुसार अभी तक यह प्रक्रिया बेहद जटिल थी। डेथ सर्टिफिकेट नहीं होता था, सरकारी संस्थानों में यह सर्टिफिकेट ना होने पर देहदान नहीं हो पाता था। ऐसे में निजी मेडिकल कॉलेजों में यह महादान होते थे।




### जीएमसी में देहदान के लिए करें कॉल

डॉ. संदीप मार्सकोले, सह प्राध्यापक एनाटामी विभाग, जीएमसी (भोपाल) - 7987013701

डॉ. रितुबाला सोनी, सह प्राध्यापक एनाटामी विभाग, जीएमसी (भोपाल) - 9755057508

## चेटीचंड की तैयारी को लेकर बैठक हुई

**हिरदाराम नगर।** सिन्धी समाज उत्थान पंचायत विजय नगर ने चेटीचंड को मनाने के लिए बैठक का आयोजन किया, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में पर्व को भव्यता के साथ मनाने एवं झांकी निर्माण करने का निर्णय लिया गया। बच्चों के लिए स्पर्धाएं भी होगी। महासचिव अशोक टिलवानी ने बताया कि इस वर्ष भव्य आयोजन के साथ भंडारे का भी आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में संरक्षक रमेश भंभानी, अध्यक्ष कैलाश शर्मा, कोषाध्यक्ष मुर्जानी, मुख्य सलाहकार गंवानी उपाध्यक्ष अशोक शोभना वासुदेव जेठानी एवं जितेंद्र सदाना उपस्थित रहे।

# शराब कारोबारी ने बेटे की शादी में नहीं परोसी शराब

### पूज्य सिंधी पंचायत ने किया आसुदानी का सम्मान



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

शराब कारोबारी ने पूज्य सिंधी पंचायत की पहल पर अपने बेटे की शादी में मास-मदिरा नहीं परोसी। पंचायत ने पहल का साथ देने के लिए किशन चंद आसुदानी का सम्मान किया।

पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कहा कि आसूदानी ने अपने पुत्र के विवाह में मांस, मदिरा का उपयोग पूरी तरह वर्जित कर समाज के लिए एक मिसाल पेश की। आसूदानी का भोपाल जिले व आसपास के क्षेत्रों में मदिरा की दुकानें हैं। चांदवानी ने कहा कि पंचायत द्वारा कॉकटल पार्टी, दुल्हा-दुल्हन को समय पर मंच पर पहुंचने व तेरहवीं के भोज पर प्रतिबंध के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। आसूदानी ने पंचायत के आग्रह को माना है। एक सप्ताह तक चलने वाले शादी कार्यक्रम को मांस-मदिरा को दूर रखा।

**शराब बंदी नहीं तो आंदोलन होगा :** युवा सिंधी मंच का संतनगर में शराब बिक्री पर रोक की मांग को लेकर पत्राचार अभियान जारी है। मंच दो माह से शराब दुकानें बंद करने की मांग मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, आबकारी विभाग, कलेक्टोरेट, विधायक व अन्य संबंधितों को पत्र भेजकर अपनी मांग रख चुकी है। मंच के जयराम नंदवानी ने मांग पूरी न होने पर आंदोलन की धमकी दी है।

# रामचरण महाराज की जयंती में बड़ी संख्या जुटा रामस्नेही संप्रदाय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संस्थापक श्री श्री 1008 श्री रामचरण जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। महाराज की 305 वीं जयंती पर विजयवर्गीय मांगलिक भवन नयापुरा लालघाटी, भोपाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की शुरुआत महाराज श्री की आरती से हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया किया गया। इसमें गणेश वंदना और सरस्वती वंदना की विशेष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में आगे समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान शॉल श्रीफल से किया किया गया। इसी कड़ी में वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण करने पर वैवाहिक जीवन दंपत्ति सम्मान किया गया।



इस मौके पर बोर्ड एवं विश्वविद्यालय की अंतिम परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का समापन भोजन प्रसादी के साथ हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए थे। साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समाज के अलग अलग मंडलों को दायित्व दिया था।

## मेट्रो एंकर

### 700 करोड़ खर्च, लेकिन स्कूलों में नजर नहीं आ रहे कम्प्यूटर

# बदलते गए वर्जन, हेडस्टार्ट केन्द्र हो चुके हैं कबाड़

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूलों में डिजिटल एजुकेशन का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश में केवल तीन प्रतिशत बच्चे ही कप्यूटर का उपयोग कर पा रहे हैं। यह स्थिति उस समय है जब कप्यूटर पर करीब 700 करोड़ रुपए खर्च हो गए। सबसे पहले हेड स्टार्ट केन्द्रों के माध्यम से कप्यूटर पहुंचे। केन्द्रों के साथ इसके कप्यूटर भी कबाड़ हो गए। लगातार बदलते वर्जन के कारण इनकी खरीदी लगातार जारी है। कप्यूटर शिक्षा के लिए राजधानी में 18 हेड स्टार्ट केन्द्र खुले। हर केन्द्र पर कप्यूटर की खरीदी की गई।

दरअसल, शिक्षकों को इनके जरिए कप्यूटर सिखाया गया। बच्चों को भी एजुकेशन दी जानी थी लेकिन सभी केन्द्र बंद हो गए। इसके बाद बच्चों के लिए स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम और कप्यूटर लैब की शुरुआत हुई। ये सीएम राइज, पीएम श्री समेट बड़े स्कूलों में बनी। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों के पास अब तक कप्यूटर नहीं है।

**बच्चों के कप्यूटर का दतरों में उपयोग:** स्कूलों में जिन कप्यूटर को शिक्षा देने के लिए खरीदा गया उनका उपयोग दतरों में हो रहा है। बाबू उन पर काम कर रहे हैं। मप्र शिक्षक संगठन के अध्यक्ष उपेन्द्र कौशल के मुताबिक अधिकांश स्कूलों में ये हाल हैं। बच्चों को कप्यूटर नहीं मिलता। कई स्कूलों में तो प्रचार्यों ने ही इन्हें अपने कब्जे में ले रखा है।



**93 हजार स्कूल 1 करोड़ 39 लाख स्टूडेंट इन नामों पर खरीदी हेड स्टार्ट केन्द्र, स्मार्ट क्लास, टैबलैप, स्मार्ट क्लास रूम**

### ये है असर की रिपोर्ट

वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट असर के तहत प्रदेश के 91 प्रतिशत स्कूलों में कप्यूटर नहीं है। यानी केवल नौ प्रतिशत के पास ही इनकी उपलब्धता है। सभी का उपयोग स्टूडेंट नहीं कर पा रहे हैं। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी के एक अधिकारी ने बताया कि स्कूलों में कप्यूटर शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लासेस हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लिए भी योजना है। बच्चों को कप्यूटर के बारे में बताने यहां ब्लॉक स्तर पर व्यवस्था की जाएगी। कई कप्यूटर जो पहले आए वर्जन बदलने से रिप्लेस हुए।


### मंडल में की शिकायत

माध्यमिक शिक्षा मंडल में पिछले साल कप्यूटर की खरीदी हुई। इसमें घोटाले की शिकायत हुई। करीब 90 करोड़ में खरीदी हुई थी।

# निवेशकों को रिझाने मध्यप्रदेश की खूबियां बता रही मोहन सरकार

## प्रदेश में आने के लिए न्यौतों के अलावा खाली जमीन के साथ ही उसकी लोकेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर का दिया जा रहा ब्यौरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस) 2025 के लिए निवेशकों को रिझाने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही। निवेशकों को जो न्यौते भेजे जा रहे हैं, उसके साथ मप्र में खाली जमीन का खाका और उसके साथ प्रदेश की खुबियों का ब्यौरा भी भेजा रहा है। यही नहीं, निवेशकों को बताया जा रहा है कि मप्र निवेश की दृष्टि से अन्य राज्यों की तुलना में सबसे खास है और आने वाले समय में भी रहेगा। अब तक सरकार की ओर से निवेशकों को जो जानकारी दी है, उसमें बताया कि 1 लाख 25 हजार हेक्टेयर जमीन है, जो निवेश के लिए अपार संभावनाओं से भरी है। इसमें से कुछ जमीन पर तो औद्योगिक गतिविधियां शुरू भी हो गई है।




खूबियों की इस तरह ब्रांडिंग

### जीआईएस के पहले ही 70 हजार करोड़ के प्रस्ताव मिले

मोहन सरकार के पास करोड़ों रुपये के निवेश प्रस्ताव आ रहे हैं। ये उन प्रस्तावों से अलग है, जो पूर्व में रीजनल समिट और दूसरे राज्यों में हुए समिट में मिले थे। अब मप्र में अवाडा व जेके सीमेंट के बाद श्री टेक डेटा कंपनी ने भी निवेश की इच्छा जताई हैं कंपनी ने सीएम डॉ. मोहन यादव से मिलकर 9100 रुपये का प्रस्ताव दिया है। इसके पूर्व दिल्ली में अवाडा समूह ने 50 हजार करोड़ और जेके सीमेंट ने 7000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव दिए थे। भोपाल में जीआईएस की शुरुआत 24 फरवरी को होगी, पीएम मोदी यह शुभारंभ करने आ रहे हैं। मोहन सरकार को उम्मीद है कि जीआईएस से मप्र को 6 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिलेंगे।

जानकारी के मुताबिक टेक डेटा लिमिटेड कंपनी प्रदेश में डेटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और ट्रांसमिशन सेक्टर में निवेश करना चाहती है। उक्त कंपनी इंदौर में 4 हजार करोड़ रुपये की लागत से डेटा सेंटर स्थापित करने, बीना (सागर) में 3 हजार करोड़ रुपये की लागत से ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट विकसित करने, उज्जैन में 600 करोड़ रुपये के निवेश से सोलर पॉवर यूनिट स्थापित करने और उज्जैन में ही बिजली ट्रांसमिशन एवं वितरण स्ट्रक्चर के लिए 1500 करोड़ रुपये का निवेश करना चाहती है।

विशेषज्ञों के मुताबिक बीते तीन वर्षों में आईटी और आईटीइएस निर्यात में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है और वार्षिक वृद्धि दर 43 प्रतिशत है। इंदौर, भोपाल व जबलपुर जैसे शहर आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में 300 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेज हैं, जो हर साल 60 हजार से अधिक टेक्नोलॉजी ग्रेजुएट दे रहे हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में मध्यप्रदेश चौथे स्थान पर है, मप्र की ये सभी बातें निवेशकों को रिझा रही है।

– एक्सपोर्ट प्रिपेअर्डनेस इंडेक्स में टॉप-10 राज्यों में मप्र शामिल है, वहीं विश्व बैंक द्वारा आयोजित ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस में मप्र का स्थान चौथा है।

- 6 व्यावसायिक एयरपोर्ट, इन पर 100 से अधिक उड़ानें।

- कोयला, हीरा, तांबा, लौह अयस्क और ग्रेफाइट का भंडार, तांबा, मैंगनीज, मोलिब्डेनम और हीरे का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य।

- 8 फूड पार्क, लगभग 15 मिलियन मीट्रिक टन की वेयरहाउसिंग क्षमता और 3 लाख 54 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र कवर करने वाले कोल्ड-स्टोरेज का नेटवर्क।

- 76 विकसित, 19 विकासाधीन और 13 प्रस्तावित भूमि-बैंक हैं, जो 5 ग्रोथ सेंटर्स में फैले 79 भूखंडों में वितरित है।

- 6 प्रमुख ड्राई इनलैंड कंटेनर डिपो, इनकी वेयरहाउसिंग क्षमता 240 लाख मीट्रिक टन। 31 गीगावाट विद्युत का उत्पादन होता है, इसमें भी 20 प्रतिशत क्लीन एनर्जी है।

- 5 लाख किलोमीटर से अधिक लंबाई का सड़क नेटवर्क है, जिसमें 46 राष्ट्रीय राजमार्ग भी शामिल। यह देश के राष्ट्रीय राजमार्गों का 6.6 फीसद और राज्य-राजमार्गों का लगभग 6.4 फीसद है। 2,32,344 किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों का जाल।

- संयंत्र और मशीनरी में निवेश पर 40 फीसद तक इन्वेस्टमेंट प्रोत्साहन, रोजगार सृजन पर 1.5 गुना पूंजी सब्सिडी, निर्यात पर 1.2 गुना पूंजी सब्सिडी और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए 1.2 गुना पूंजी सब्सिडी शामिल।

- ग्रीन इंडस्ट्रियलाइजेशन असिस्टेंस जैसी अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों की स्थापना के लिए सहायता, पॉवर, जल और सड़क इन्फ्रास्ट्रक्टर के निर्माण के लिए प्रति यूनिट एक रुपया की दर से टैरिफ रिबेट।

- वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में ब्याज सब्सिडी, रोजगार सृजन और प्रशिक्षण प्रोत्साहन। फार्मा सेक्टर में ग्रास सप्लाई वेल्यू के लिए एक वर्ष का स्टॉक पीरियड और खाद्य प्र-संस्करण सेक्टर में 50 फीसद अतिरिक्त पूंजी सब्सिडी और मंडी कर (कृषि व्यापार कर) में 5 वर्षों के लिए छूट।

# सहारा इंडिया जमीन घोटाले की फिर से पहुंची शिकायत

### पाठक से जुड़ी कंपनियों को लाभ पहुंचाने का आरोप ईओडब्ल्यू के सामने पहुंचा मुख्य शिकायतकर्ता




**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भाजपा विधायक संजय पाठक की नजदीक कंपनियों और लोगों को कुछ अधिकारियों द्वारा करोड़ों रुपये का लाभ पहुंचाने की दूसरी शिकायत फिर ईओडब्ल्यू के पास पहुंची है। यह मामला सहारा इंडिया जमीन घोटाले से जुड़ा है और लाभ भी सहारा की जमीनों की बंदरबांट कर पहुंचाया जाना बताया जा रहा है। ये अधिकारी भोपाल, जबलपुर व कटनी के बताए जा रहे हैं, जिन्होंने सहारा की जो जमीनें थी, उसके आसपास की जमीनों के सरकारी दाम तो बढ़ा दिए लेकिन सहारा की जमीन के दाम नहीं बढ़ने दिए। मुख्य शिकायतकर्ता आशुतोष मनु दीक्षित ने ईओडब्ल्यू को बताया कि सहारा इंडिया के कई अधिकारी भी इसमें कई स्तर पर मिले हुए हैं।

आरोप है कि जो जमीन विधायक पाठक से जुड़ी फर्मों और उनके कर्ताधर्ताओं ने खरीदी, इन जमीनों के सरकारी दाम 8 साल तक नहीं बढ़ने दिए। जबकि उक्त जमीनों से सटी अन्य जमीनों के दाम 10-10 गुना तक बढ़े। यह सोची-समझी रणनीति के तहत फायदा पहुंचाने के लिए किया गया। मनु ने ये आरोप ईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचकर लगाए हैं।

### यह है मामला

विधायक संजय पाठक से जुड़ी कंपनियों व उनके प्रमुखों के खिलाफ आशुतोष मनु दीक्षित ने ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाए थे कि भोपाल के छान गांव में 110 व कटनी और जबलपुर में 100-100 एकड़ जमीन खरीदी, यह सौदा 90 करोड़ में किया।

वास्तव में जमीन करीब 1000 करोड़ की थी। भोपाल के छान गांव में सहारा इंडिया से खरीदी 110 एकड़ जमीन की मूल रजिस्ट्री में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लेख नहीं कराया गया। वहीं 4 दिन बाद सप्लीमेंट्री सेल डीड में आदेश का हवाला है। इस तरह अन्य पक्षों को गुमराह किया गया। 110 एकड़ जमीन की सरकारी दरें 2022-23 के पहले 8 साल तक नहीं बढ़ाए गए। सहारा इंडिया के अफसरों ने भोपाल, कटनी और जबलपुर में जमीन बेचने के लिए सार्वजनिक सूचना नहीं दी, यदि देते तो सैंकड़ों खरीदार हिस्सा लेते और जमीन को वास्तविक बाजार कीमत मिलती, इसका फायदा सहारा इंडिया की लेनदारी लौटने में मिलता, इससे आम लोगों को फायदा होता।

वहीं सहारा इंडिया की कुल बेची गई जमीन 1000 करोड़ से अधिक की थी, लेकिन 90 करोड़ ही दिए गए। इसमें से भी सहारा इंडिया के खाते में महज 30 करोड़ रुपये पहुंचे, यह राशि किसने और कहां हड़प की, इसकी भी जांच हो। भोपाल में सहारा इंडिया की जमीन पहले से आवासीय थी, जिसे कृषि में परिवर्तित कराया जाकर, करोड़ों रुपये के स्टाम्प ड्यूटी की चोरी की गई।

# मांगे पूरी नहीं होने से नाराज सरकारी डॉक्टर्स का 25 को हड़ताल पर जाने का ऐलान

**20से काली पट्टी बांधकर काम करेंगे, मांगे पूरी नहीं हुई तो बैठेंगे हड़ताल पर**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** उच्च स्तरीय समिति का गठन सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के करीब 15 हजार सरकारी डॉक्टर्स ने काम बंद हड़ताल का ऐलान किया है। इससे पहले वह 20 फरवरी से काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। यदि सरकार ने इस दौरान चिकित्सकों की मांगों का निराकरण नहीं किया तो 25 फरवरी से डॉक्टर्स हडताल पर चले जाएंगे। चिकित्सक महासंघ के संयोजक डॉ. राकेश मालवीय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हम पिछले कई वर्षों से अपनी मांगों के निराकरण के लिए प्रयास कर रहे हैं, लेकिन शासन स्तर पर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। अब हमने निर्णय लिया है कि एक प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाए। यह आंदोलन चरणबद्ध होगा। इसमें सबसे पहले 20 एवं 21 फरवरी को सभी सरकारी चिकित्सक अपने अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। इसके बाद 22 फरवरी को आधे घंटे काम बंद हड़ताल की जाएगी, 24 फरवरी को सभी चिकित्सक सामूहिक अवकाश लेकर भूख हड़ताल करेंगे। यदि इतने पर भी सरकार ने हमारी नहीं सूनी तो हम 25 फरवरी से काम बंद हड़ताल शुरू कर देंगे। चिकित्सकों की प्रमुख मांगो में उच्च स्तरीय समिति का गठन, आईएएस की दखलंदाजी समाप्त, केबिनेट से पारित आदेशों पर अमल, डीएसीपी लागू करने,, कार्य स्थल पर सुरक्षा बड़ाने सहित विभिन्न मांगे हैं।

# आदर्श मातृत्व की प्रेरणा है देवी आहिल्या बाई होलकर: देशमुख

**देवी अहिल्या की पुण्यगाथा 300 जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर हुआ नाट्य मंचन**



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।** राजधानी स्थित रविंद्र भवन के हंसध्वनी सभागार में रविवार को राष्ट्र समर्था-देवी अहिल्या की पुण्यगाथा 300 जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर नाट्य मंचन की प्रस्तुती हुई।ड़विश्वमांगल्य सभा की राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. वृशाली जोशी द्वारा लिखित एवं सुबोध सुर्जीकर द्वारा निर्देशित नाट्य मंचन में नागपुर के 35 कलाकारों की प्रस्तुती हुई। संपूर्ण नाट्य में अहिल्या देवी की राष्ट्रसमर्था, पुण्यश्लोका, लोकमाता, मालवा की महारानी, कुशल प्रशासक, वीरांगना, राष्ट्रधर्म रक्षक, त्याग की मूर्ति का परिचय दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री पूजा देशमुख, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक अशोक पांडे, विधायक रीति पाठक, अहिल्या उत्सव समिति-भोपाल अध्यक्ष दीपक वर्मा सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूजा देशमुख ने अहिल्या देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आज के मातृत्व को सक्षम करने कहा।ड़उन्होने कहा कि देवी आहिल्या बाई होलकर आदर्श मातृत्व की प्रेरणा हैं।़ कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रीती उपाध्याय ने की। जागृति किरार ने आभार व्यक्त किया।ड़कार्यक्रम का संचालन अनुश्री अरोनकर ने किया। इस अवसर पर मध्य भारत प्रांत संयोजिका प्रांजली तर्हालकर भी उपस्थिति थीं। नाट्य की शुरुआत मांडवी अरोनकर के समूह द्वारा गणेशा वंदना से होती हैं।

# एआई के लिए बजट में प्रावधान लेकिन सरकार की कोई नीति ही नहीं

**बजट पर विमर्श**




**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

अब भारत सरकार को टेक्नोलॉजी इनोवेशन, शिक्षा, स्वास्थ, अकादमिक और रिसर्च के क्षेत्र में में विशेष फोकस करना होगा। यह विचार लोक प्रशासन संस्थान की मप्र-छग क्षेत्रीय शाखा की केंद्रीय बजट पर आयोजित विमर्श के दौरान उभरे। विषय प्रवर्तन आईआईपीए के चेयरमैन रिटायर्ड आईएएस अधिकारी केके सेठी ने किया।

इस विमर्श में स्टार्टअप, एमएसएमई,अंतर्राष्ट्रीय संबंध, आईआईटी, विद्यार्थियों के विश्वविद्यालयीन स्तर की शिक्षा के लिए किये गए बजट प्रावधान पर चर्चा की गई। साथ फ्री बीज की योजनाओं के कारण राज्यों के विकास पर पड़ने वाले प्रभाव पर संवाद हुआ। पत्रकार और डिजिटल मीडिया जानकार सरमन नगेले ने कहा कि केंद्र सरकार ने पांच सौ करोड़ रूपए के कुल परिव्यय के साथ शिक्षा के लिए एआई - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उत्कृष्ता केन्द्र के लिए प्रावधान तो बजट में किया गया है लेकिन भारत सरकार की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की कोई नीति ही नहीं है। जबकि कई मंत्री व सांसद इसके लिए नियम कायदे बनाने केंद्र सरकार से लिखकर आग्रह भी कर चुके हैं।

केंद्र सरकार को वैश्विक स्तर पर ऑनलाइन एजुकेशन के लिए अपना विजन लाना चाहिये। जिससे रणवीर अलाहाबादिया जैसे प्रवृति वालों पर लगाम लग सके। विमर्श में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यसचिव, एके विजयवर्गीय, मप्र के पूर्व डीजीपी अरुण गुर्टू, एससी त्रिपाठी, एसके रावत, पूर्व अपर मुख्यसचिव जेएल बोस, नरेंद्र प्रसाद, डीपी तिवारी,आदि मौजूद थे।

# 16 हजार सरकारी स्कूलों में बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन

### 17 लाख लोगों ने कराया था पंजीयन, 15 लाख से अधिक नवसाक्षर हुए शामिल



**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर के करीब 16 हजार सरकारी स्कूलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रो में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता परीक्षा हुई। इस परीक्षा के लिए करीब 17 लाख लोगों ने पंजीयन कराए थे, जिसमें से 15 लाख लोग शामिल हुए। इसमें 15 वर्ष की आयु से लेकर 60 वर्ष तक के नवसाक्षर शामिल हुए।ड़उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्रदान कर साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बड़ाने के लिये 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के ऐसे असाक्षर को साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिनमें यूनेस्को की परिभाषा अनुसार, मुद्रित एवं लिखित सामग्री का उपयोग करके पहचानने, समझने, व्याख्या करने, बनाने, संवाद करने और गणना करने की क्षमता नहीं है, देशभर में यह कार्यक्रम वर्ष-2022 से वर्ष-2027 तक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में वर्ष में 2 बार बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाती है।

### परीक्षा की ऑनलाइन एंट्री

खास बात यह भी है कि परीक्षा की ऑनलाइन एंट्री भी की जा रही है। ताकि जल्द ही परिणाम जारी किए जा सकें। परिणाम जारी होने के साथ ही इन्हे बकायदा साक्षरता का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

### भोपाल में आज से नए टाइम पर स्कूल

**भोपाल।** कुछ दिनों से भोपाल समेत कई जिलो में कड़ाके की ठंड से राहत मिलने के बाद स्कूल व अन्य कामकाज का समय सुधारा जा रहा है। दरअसल अब रात में 17 डिग्री तो दिन में पारा 32 डिग्री के पार पहुंच रहा है। इससे स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव होने लगा है। भोपाल में कई प्राइवेट स्कूलों की टाइमिंग अब सुबह 7.30 बजे कर दी गई है। पहले यह 9 बजे थी। अब इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर-उज्जैन समेत प्रदेशभर के स्कूलों में भी टाइमिंग बदलेगी। दरअसल अभी कोई भी सिस्टम एक्टिव नहीं है। इससे दिन-रात के तापमान में बड़ोतरी देखने को मिली है। रविवार को ज्यादातर शहरों में पारा 30 से 34 डिग्री तक रहा। मंडला में 34 डिग्री और सिवनी में 34.2 डिग्री दर्ज किया गया। जबलपुर, दमोह, खजुराहो, सागर, सतना, उमरिया, खंडवा, खरगोन, रतलाम, शिवपुरी में 32 डिग्री या इससे अधिक रहा, जबकि भोपाल, इंदौर और उज्जैन में पारा 31 डिग्री के पार पहुंच गया। इससे दिन में गर्मी का एहसास देखने को मिला। भोपाल के कोलार स्थित सेंट जोसेफ को-एड स्कूल सोमवार से नए समय पर लगने लगा। कक्षा पहली से आठवीं तक सुबह 7.30 से दोपहर 1.30 बजे तक और कक्षा नौवीं से 11वीं तक सुबह 7.30 से 11.30 बजे तक लगेंगे। पहले सभी कक्षाएं सुबह 9 बजे से शुरू हो रही थी। राजधानी के बाकी स्कूलों में भी टाइमिंग बदली जा रही है।

संपादकीय

# किसानों का संघर्ष कब तक

हाल देश के किसानों का आंदोलन अब अक्सर चर्चा में नहीं आता। बल्कि इसके बजाए कई ऐसे मुद्दे चर्चा में आते रहते हैं जिन पर चर्चा न भी हो तो कोई फर्क नहीं पडेगा। करीब दो साल से किसान आंदोलन तेज हुआ है। लाकडाउन के समय यह चरम पर था। हाल में फिर से इसका जोर देखा गया और इस आंदोलन में जान बनाए रखने के लिए किसान नेता डल्लेवाल आमरण अनशन पर बैठे। उनकी बिगड़ती सेहत पर सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद केंद्र सरकार ने भी थोडा सकारात्मक रुख दिखाया और बातचीत की तारीख का एलान किया। वैसे तो दिल्ली की शंभू और खनौरी सीमा पर एक साल से किसान डटे हुए हैं और अब जाकर ऐसा लग रहा है कि उनसे सरकार बातचीत करने वाली है। किसानों की केंद्र सरकार के साथ अहम पर सभी की निगाहें हैं। इससे पहले किसानों ने आंदोलन के एक साल पूरा होने पर महापंचायत बुलाई थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग जुटे। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, कर्ज मुक्ति, और पेंशन योजना सहित 12 मांगों को लेकर किसान आंदोलन पर हैं। किसानों की दिल्ली पहुंचने की कोशिशों के भी कई किस्से हैं। उन्होंने पांच बार दिल्ली कूच करने की कोशिश भी की। कहा जा सकता है कि आंदोलन के ताजे चरण को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन से नई ऊर्जा मिली। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले का संज्ञान लिया और पंजाब सरकार को डल्लेवाल को चिकित्सकीय सहायता देने के निर्देश दिए। दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर एक साल चले आंदोलन को केंद्र सरकार ने एक समझौता करके खत्म कर दिया था, लेकिन उस समझौते की मुख्य मांगों पर आज तक अमल नहीं हो सका है। पहला आंदोलन संयुक्त किसान मोर्चा की अगुआई में हुआ था। उसमें महेंद्र सिंह टिकैत प्रमुख चेहरे थे। अब डल्लेवाल की अगुआई में नया आंदोलन बीते वर्ष की तेरह फरवरी से शुरू हुआ है। आंदोलन में जान बनाए रखने के लिए ही डल्लेवाल आमरण अनशन पर बैठे। उनकी बिगड़ती सेहत पर सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद केंद्र सरकार ने भी सकारात्मक रुख अपनाया और बातचीत की तारीख का एलान किया। ऐसा नहीं है कि किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने बातचीत न की हो। किसानों की नाराजगी को देखते हुए 2024 में केंद्र सरकार ने आठ और फिर 12 फरवरी को संगठन के नेताओं से बातचीत की थी। इसके बाद 13 फरवरी से किसानों ने आंदोलन शुरू कर दिया। सरकार ने 15 और फिर 18 फरवरी 2024 को भी किसान नेताओं के साथ बातचीत की। तब भी कोई हल नहीं निकला। इसके बाद से मामला ठंडा पड़ गया। अब प्रस्तावित बातचीत पर सभी की निगाहें टिकी हैं। किसानों को उम्मीद है कि इस बार केंद्र सरकार उनकी अवश्य सुनेगी। इस नए संवाद में जरूरी है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को सुनें और एक-दो कदम पीछे भी हटें, तभी कोई हल निकल पाएगा। क्योंकि एक कृषि प्रधान देश में किसानों का आंदोलन लगातार खिंचता रहना और किसानों का खेतों के बजाए सड़कों पर अनशन या पुलिस प्रशासन से मोर्चा लेना अच्छा दृश्य नहीं पैदा करता।

## आज का इतिहास

- 1537 - गुजरात के बहादुर शाह को पुर्तग़ालियों ने धोखे से गिरफ़्तार करने की कोशिश की और भागने के चक्कर में वह डूब गया।
- 1556 - पंजाब के गुरदासपुर ज़िले के कलानौर में अकबर की ताजपोशी हुई।
- 1628 - शाहजहाँ आगरा की गद्दी पर बैठा।
- 1658 - दिल्ली की सत्ता हथियाने के लिए मुग़ल वंश के आपसी संघर्ष में दारा ने वाराणसी बहादुरपुर की लड़ाई में शुजा को पराजित किया।
- 1663 - कनाडा फ्रांस का एक प्रान्त बना।
- 1670 - रोमन कैथोलिक सम्राट लियोपोल्ड प्रथम ने यहूदियों को वियना से बाहर किया।
- 1743 - हेनरी पेलहम ब्रिटेन के वित्त विभाग के पहले प्रमुख बने।
- 1846 - क्राको गणराज्य का विद्रोह पूरे पोलैंड में फैल गया।
- 1881 - भारत के पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की कोलकाता में स्थापना।
- 1899 - अमेरिकी कांग्रेस ने संघीय चुनाव में वोटिंग मशीन के इस्तेमाल को मंजूरी दी।

## निशाना

### आग ना लगाओ !



-कृष्णेन्द्र राय

व्यर्थ की इन बातों को।<br>
मुद्दा ना बनाओ ।।<br>
और भी हैं मुद्दे।<br>
उनको राह दिखाओ ।।<br>
शांति और खुशहाली में।<br>
आग ना लगाओ ।।<br>
क्या सही क्या ग़लत।<br>
जन जन तक पहुंचाओ ।।<br>
तूल देने से बचो।<br>
बातें व्यर्थ वालीं ।।<br>
बन रहा है कब से।<br>
पुलाव बस ख़याली ।।<br>
हवा हवाई से केवल।<br>
है होता नुकसान ।।<br>
देर हो रही होने में।<br>
पुनः विराजमान

# मोदी ट्रंप वार्ता से पाक आतंकवादियों पर शिकंजे कसने नए कदमों के संकेत

■ आलोक मेहता



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा के दौरान पाकिस्तान सीमा से आतंकी हमलों के विरुद्ध संयुक्त प्रयास का संकल्प और आतंकियों के प्रत्यर्पण की घोषणा पर अधिक ध्यान देने की जरुरत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एलान किया है कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई पर हुए हमलों के साज़िशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा। आतंकवादी हमले से जुड़े राणा को भारत में न्याय का सामना करना होगा। भारत कई वर्षों से राणा के प्रत्यर्पण की मांग करता रहा है। एक बार तो अमेरिकी अदालत ने तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की अनुमति भी दे दी थी। लेकिन पिछले साल नंवबर में उन्होंने इस पर पुनर्विचार याचिका दायर की थी। इस याचिका को भी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने ख़ारिज कर दिया। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने रची थी। भारत, इस संगठन के प्रमुख हाफ़िज़ सईद को पाकिस्तान से प्रत्यर्पित करने की मांग करता रहा है। अमेरिका से राणा और अनमोल बिश्नोई लारेंस गैंग तथा अन्य आरोपियों की वापसी के साथ कनाडा और पाकिस्तान पर दबाव बढ़ सकता है।

आतंकी साजिशकर्ता राणा पर भारत में क़ानूनी कार्रवाई चलने और पूछताछ से न केवल पाकिस्तान बल्कि अन्य देशों से संपर्क और फंडिंग से आतंकी गतिविधियों को सहायता करने वालों का भंडाफोड़ हो सकता है। राणा और उसके साथी हेडली ने छद्म नामों, कंपनियों का सहयोग लेकर आतंकी गतिविधियों की का इंतजाम किया था। भारतीय एजेंसियों की ओर से पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली के ख़िलाफ़ जाँच में एक नाम बार-बार आ रहा था, और वो नाम था तहव्वुर हुसैन राणा। शिकागो में कड़ी सुरक्षा के बीच चार हफ़्ते तक चले मुक़दमे के दौरान राणा के बारे में कई जानकारियाँ सामने आईं थीं। इस मुक़दमे की सबसे अहम बात ये रही कि हेडली तहव्वुर राणा के ख़िलाफ़ सरकारी गवाह बन गया। तहव्वुर हुसैन राणा का जन्म पाकिस्तान में हुआ और वहीं परवरिश हुई. मेडिकल डिग्री हासिल करने के बाद वो पाकिस्तानी सेना के मेडिकल कोर में शामिल हो गए थे। राणा की पत्नी भी डॉक्टर थीं. 1997 में दोनों पति-पत्नी कनाडा चले गए और 2001 में कनाडा के नागरिक बन गए। साल 2009 में अपनी गिरफ़्तारी से कुछ साल पहले राणा ने अमेरिका के शिकागो में एक इमीग्रेशन और ट्रैवल एजेंसी खोली। शिकागो में डेविड कोलमैन हेडली के साथ उनकी पुरानी दोस्ती फिर से शुरू हो गई थी। हेडली ने जब मुंबई पर हमले की तैयारी शुरू की, तो वे 2006 से 2008 के बीच कई बार मुंबई आए। बार-बार भारत आने पर किसी को शक न हो इससे बचने के लिए हेडली ने राणा की ट्रैवल एजेंसी की एक शाखा मुंबई में खोली। पधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार अमेरिका वार्ता में भी अवैध घुसपैठ के लिए सहायक लोगों और ट्रैवल एजेंसियों पर कड़ी नजर और कार्रवाई पर जोर दिया है। राणा पाकिस्तान लश्कर-ए-तैयबा के इशारे पर ये सब कर रहा था। मुंबई हमले में छह अमेरिकी नागरिक भी मारे गए थे। अमेरिकी नागरिकों को मारने में मदद करने सहित 12 आरोपों पर राणा को सज़ा मिली। अमेरिका जाँच एजेंसी एफ़बीआई ने राणा और हेडली को अक्तूबर 2009 में शिकागो एयरपोर्ट पर गिरफ़्तार किया था। एफ़बीआई के अनुसार ये दोनों डेनमार्क में आतंकी हमला करने के लिए जा रहे थे। उनकी योजना जिलैंड्स-पोस्टेन अख़बार के दफ़्तर पर हमले की थी. इस अख़बार ने विवादास्पद कार्टून प्रकाशित किए थे। इस गिरफ़्तारी के बाद हुई पूछताछ के दौरान मुंबई हमलों में इन दोनों के शामिल होने की भी पुष्टि हुइ। इस तरह राणा को दो अलग-अलग साज़िशों में शामिल होने के लिए 14 साल जेल की सज़ा दी गई। अक्तूबर 2009 में गिरफ़्तारी के बाद के बयान में राणा ने स्वीकार किया था कि पाकिस्तान में होने वाले लश्कर के प्रशिक्षण शिविरों में हेडली ने भाग लिया था। अमेरिका में शिकागो में चले मुकदमे के दोरान वहां के अटॉर्नी जनरल ने कहा था, 2006 की शुरुआती गर्मियों में, हेडली और लश्कर के दो सदस्यों ने उनकी गतिविधियों के कवर के रूप में मुंबई में एक इमीग्रेशन ऑफ़िस खोलने पर चर्चा की। हेडली ने राणा से मुंबई में फ़र्स्ट वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विसेज़ का दफ़्तर खोलने की बात की थी ताकि उन लोगों की अपनी गतिविधियों के कवर के रूप में उस दफ़्तर का इस्तेमाल किया जा सके। गवाही के दौरान हेडली ने कहा था, जुलाई 2006 में, मैं राणा से मिलने के लिए शिकागो गया था और उसे उस मिशन (मुंबई पर हमले) के बारे में बताया था जो लश्कर ने मुझे सौंपा था। राणा ने मुंबई में एक फ़र्स्ट वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विसेज़ केंद्र स्थापित करने की मेरी योजना को मंज़ूरी दी थी और उसे पांच साल का बिज़नेस वीज़ा प्राप्त करने में मदद की थी। राणा को सज़ा सुनाये जाने के बाद अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा के सहायक अटार्नी जनरल लिसा मोनाको ने अदालत के फ़ैसले के बाद कहा था,आज का फ़ैसला इस बात को दर्शाता है कि जिस तरह से हम आतंकवादियों और उनके संगठनों का पीछा करते हैं, हम उन लोगों का भी पीछा करेंगे जो एक सुरक्षित दूरी से उनकी हिंसक साज़िशों को अंजाम देते हैं। मुंबई में वो डेविड हेडली के नाम से रहता था लेकिन अपनी बहन शेरी, सौतेले भाइयों हमज़ा और दानियाल, पत्नियों पोर्शिया, शाज़िया और फ़ैज़ा और सबसे अच्छे दोस्त तहव्वुर राना के लिए वो पाकिस्तानी मूल का अमेरिकी था जिसका असली नाम था दाऊद सलीम जिलानी डेविड कोलमैन हेडली को इस समय अमेरिका की एक जेल में 35 साल के लिए बंद रखा गया है। दाऊद या कहें डेविड के पिता सैयद सलीम जिलानी पाकिस्तान का ब्रॉडकास्टर था। वो जब कुछ सालों के लिए वॉयस ऑफ़ अमेरिका में काम करने के लिए वॉशिंगटन गया था। बाद में डेविड हेडली का फिर पाकिस्तान से आने-जाने का सिलसिला शुरू हुआ। इस बीच उसका संपर्क ड्रग तस्करों से हुआ और वो हेरोइन तस्करी के काम में लग गया। चार वर्ष बाद कस्टम अधिकारियों ने उसे फ़्रैंकफ़र्ट हवाई अड्डे पर दो किलो हेरोइन के साथ पकड़ लिया। जर्मन अधिकारियों ने उसे अमेरिका को सौंप दिया। वहां उसने अमेरिकियों से एक सौदा किया जिसके तहत तय हुआ वो उनके लिए मुख़बिर का काम करते हुए पाक-अमेरिकी हेरोइन नेटवर्क में घुसपैठ कर उनकी गुप्त सूचना ड्रग इन्फ़ोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) तक पहुंचाएगा। उसने अपने पिता की मदद से जो अब तक रेडियो पाकिस्तान के महानिदेशक बन चुके थे, लाहौर नहर के पास के इलाके में एक घर ख़रीदा। साल 2000 के अंत में जब अल-क़ायदा ने यमन में अमेरिकी पोत यूएसएस कोल पर हमला किया तो डेविड ने लश्कर जिहाद फ़ंड में 50 हज़ार रुपए का चंदा दिया और जमात-उद-दावा के प्रमुख हाफ़िज़ सईद का भाषण सुनने गया अगले ढाई सालों तक दाऊद पूरी तरह से लश्कर के संपर्क में आ चुका था और लाहौर से 15 किलोमीटर दूर मुरीदके में लश्कर के कैंप में ट्रेनिंग ले रहा था मशहूर डेनिश पत्रकार कारे सोरेन्सन अपनी किताब %द माइंड ऑफ़ अ टेररिस्ट द स्ट्रेंज केस ऑफ़ डेविड हेडली में लिखा हैं दाऊद का सपना था कि कश्मीर में लड़ने के लिए भेजा जाना लेकिन लश्कर के नेता ज़की-उर-रहमान लखवी की नज़र में इस अभियान के लिए दाऊद की उम्र कुछ ज़्यादा हो चुकी थी। उसने लश्कर के कमांडर साजिद मीर से कहा कि वो भारत पर हमले की बड़ी योजना में हेडली को भी शामिल करे। लश्कर को एक ऐसे शख़्स की ज़रूरत थी जो लंबे अरसे तक कैमरे और नोटबुक के साथ मुंबई आ-जा सके और जिसे लोगों से घुलने-मिलने से कोई परहेज़ न हो 7 जून, 2006 में दाऊद को आधिकारिक रूप से इस अभियान में शामिल कर लिया गया। उससे कहा गया कि वो एक अमेरिकी पर्यटक का वेश बनाए जो घूमने के लिए मुंबई जाकर वहाँ सारी जानकारी जमा करे। इसके लिए दाऊद पहले अमेरिका गया जहाँ उसने दाउद नाम छोड़कर नया नाम डेविड कोलमैन हेडली धारण किया. उसने इस नए नाम से एक नया पासपोर्ट बनवाया। इसके बाद हेडली को इस रोल के लिए एक एडवांस ट्रेनिंग दी गई। मुंबई हमले के चार महीने बाद मार्च 2009 में हेडली ने एक बार फिर मुंबई की यात्रा की. इस बार वो चर्चगेट के होटल आउटरेम में ठहरा जहाँ वो पहले एक बार ठहर चुका था 73 अक्तूबर, 2009 को जब हेडली शिकागो से पाकिस्तान जाने के लिए फ़िलाडेल्फ़िया हवाई अड्डे पर विमान में बैठ रहा था, उसे गिरफ़्तार कर लिया गया।

भारत और अमेरिका के बीच प्रत्यर्पण संधि में प्रावधान है कि अगर कोई व्यक्ति भारत में कोई अपराध करता है और अगर उसे अमेरिका की धरती पर पकड़ा जाता है तो भारत उसके प्रत्यर्पण की माँग कर सकता है लेकिन हेडली ने संभवत अमेरिका से एक सौदा किया कि वो उनके साथ पूरा सहयोग करेगा बशर्ते उसे भारत या पाकिस्तान प्रत्यर्पित न किया जाए और अमेरिका इसके लिए राज़ी भी हो गया। उसकी गिरफ़्तारी के बाद भारतीय अधिकारियों को हेडली से सवाल-जवाब करने की अनुमति मिलने में बहुत अधिक समय लगा और तब भी उन्हें सीमित सवाल पूछने की ही छूट मिली। मुंबई की एक अदालत के समक्ष गवाही देते हुए पाकिस्तानी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा ने मुंबई के ताज महल होटल में भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों पर हमला करने की योजना बनाई थी और पाकिस्तान की आईएसआई ने उसे उनके लिए जासूसी करने के लिए भारतीय सैन्यकर्मियों की भर्ती करने को कहा थो उसने यह भी कहा कि भारत में आतंकवादी हमलों के लिए लश्कर-ए-तैयबा समूह पूरी तरह जिम्मेदार है। सभी आदेश इसके शीर्ष कमांडर जकी-उर-रहमान लखवी की ओर से आए थेडेविड कोलमैन हेडली को अमेरिका की एक जेल में 35 साल के लिए बंद रखा गया है। राणा लॉस एंजिल्स की जेल में है और उसे भारत में तिहाड़ जेल में रखने की तैयारियां हो रही हैं।

# दवाएं प्रभावी बनाने को हो पर्यावरणीय कारकों की पहचान

■ मुकुल व्यास

विज्ञान आपको यह सुनकर जरूर आश्चर्य होगा कि हमारे पर्यावरण में मौजूद रसायन दवाओं के असर में हस्तक्षेप करते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन रसायनों की पहचान करने से दवाइयों को बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिल सकती है। आपके जीन आपकी ऊंचाई, बालों और आंखों के रंग और त्वचा की रंगत को निर्धारित करने में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं, लेकिन वे आपकी पूरी कहानी नहीं बताते हैं। आपके व्यक्तित्व, आपकी पसंद और नापसंद और आपके स्वास्थ्य को आकार देने में आपका पर्यावरण अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण है। वास्तव में, आपके ऊपर आपके आहार, सामाजिक संपर्क, प्रदूषण से संपर्क, शारीरिक गतिविधि और और शिक्षा के प्रभाव अक्सर आनुवंशिकी के प्रभावों और अन्य विशेषताओं से अधिक होते हैं जो आपको परिभाषित करती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यदि हम पता लगा लें कि आपके जीन और पर्यावरण अस्थमा, हृदय रोग, कैंसर, डिमेंशिया और अन्य दशाओं के विकास की संभावना को कैसे बढ़ाते हैं, तो चिकित्सा के तौर-तरीकों में एक बड़ा बदलाव आ सकता है। जीनोमिक्स विज्ञान का एक तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। यह जीव विज्ञान की एक शाखा है जो जीनोम के अध्ययन से संबंधित है। जीनोम एक जीव के डीएनए का पूरा सेट होता है, जिसमें उसके सभी जीन और अन्य डीएनए सीक्वेंस शामिल होते हैं। जीनोमिक्स में जीनोम की संरचना, कार्य और विकास का अध्ययन किया जाता है। इसमें जीनों की पहचान, उनके कार्यों का विश्लेषण और जीनोमिक डेटा के विश्लेषण के लिए कंप्यूटर तकनीकों का उपयोग शामिल है। जीनोमिक्स का उपयोग करके नई दवाओं और उपचारों का विकास किया जा सकता है। जीनोमिक्स का उपयोग करके फसलों की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। पारिस्थितिकी जीनोमिक्स का उपयोग करके पारिस्थितिक तंत्र की समझ में सुधार किया जा सकता है। जीनोमिक्स के क्षेत्र ने बीमारी के जोखिम से जुड़ी आनुवंशिक विविधताओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए अस्पताल और घर दोनों में परीक्षण करना अपेक्षाकृत सरल बना दिया है। हाल के वर्षों में, विज्ञान कई बीमारियों के जोखिम को बढ़ाने वाले पर्यावरणीय अपराधियों को ट्रैक करने और आपके व्यक्तिगत पर्यावरणीय जोखिमों के आधार पर उपचारों को अनुकूलित करने के तरीकों की पहचान करने में प्रगति कर रहा है। जीनोमिक्स के साथ ही एक्सपोसोमिक्स भी एक उभरता हुआ विज्ञान है जो आपके जीव विज्ञान को प्रभावित करने वाले सभी भौतिक, रासायनिक, जैविक और सामाजिक कारकों का अध्ययन करता है।एक्सपोसोम दरअसल एक अवधारणा है जिसमें आपके सभी पर्यावरणीय जोखिम शामिल होते हैं। जैसे शोधकर्ता जीनोमिक्स का अध्ययन करने के लिए डीएनए सीक्वेंसर का उपयोग करते हैं, वैसे ही एक्सपोसोमिक्स में वैज्ञानिक स्वास्थ्य पर हजारों पर्यावरणीय कारकों के प्रभावों को मापने के लिए रसायन विज्ञान और उच्च तकनीक वाले सेंसर का उपयोग करते हैं। हम जानते हैं कि दवाएं हमेशा काम नहीं करतीं। कई लोगों के लिए, कुछ दशाओं के इलाज के लिए मानक दवा उपचार बस काम नहीं करते हैं। रक्तचाप को नियंत्रित करने के लिए अक्सर महीनों के परीक्षण की आवश्यकता होती है। इसी तरह डिप्रेशन के लिए उपयुक्त उपचार योजना की पहचान करने में महीनों या वर्षों तक का समय लग सकता है। सिर्फ अमेरिका में दवाओं के कारण होने वाले प्रतिकूल परिणामों के कारण हर साल दस लाख से अधिक लोगों को अस्पतालों के आपातकालीन विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। रोगियों के बीच दवा के प्रभावों में ये अंतर किस वजह से होता है? क्या यह उनके जीन हैं? क्या वे साइड इफेक्ट के कारण अपनी दवाएं निर्धारित अनुसार नहीं ले रहे हैं? या इन सब के पीछे कुछ और ह अध्ययनों से पता चलता है, कि आपके पर्यावरण का इस बात पर बहुत प्रभाव हो सकता है कि विशिष्ट उपचार आपके लिए कितने कारगर हैं। उदाहरण के लिए, किसी विशिष्ट दवा को लेते समय ग्रेप फ्रूट (चकोतरा) का रस न पीने की सलाह देने वाले चेतावनी लेबल के बारे में सोचें। ऐसा इसलिए है क्योंकि ग्रेपफ्रूट में मौजूद एक प्राकृतिक रसायन उन एंजाइमों को रोकता है जो उन दवाओं को विखंडित करते हैं। उच्च कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कुछ सामान्य स्टैटिन विषाक्त स्तर तक बढ़ सकते हैं क्योंकि ग्रेपफ्रूट के रस में मौजूद रसायन इसकी सामान्य प्रोसेसिंग को अवरुद्ध कर देते हैं। ग्रेपफ्रूट ही एकमात्र पर्यावरणीय कारक नहीं है जो आपकी दवाओं के प्रति आपकी प्रतिक्रिया को प्रभावित करता है। उदाहरण के तौर पर अमेरिका में 8,600 से अधिक रसायनों का उपयोग किया जाता है, और लोग प्रतिदिन इनमें से हज़ारों रसायनों के संपर्क में आते हैं। इस बात की अधिक संभावना है कि इनमें से कई रसायन आपके द्वारा ली जाने वाली दवाओं के साथ परस्पर क्रिया कर सकते हैं। पिस्सू और टिक्स को पालतू जानवरों से दूर रखने के लिए हम जिन रसायनों का इस्तेमाल करते हैं, वे वास्तव में ग्रेपफ्रूट के रस द्वारा अवरुद्ध एंजाइम के स्तर को बढ़ा सकते हैं। इससे स्टैटिन इतनी तेज़ी से विखंडित हो जाता है कि वह बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित नहीं कर सकता। कार्बनिक पदार्थों के जलने से बनने वाले उप-उत्पाद, जैसे इंजन एग्जास्ट और जलती हुई लकड़ी, दवाओं का चयापचय करने वाले एंजाइमों में भी हस्तक्षेप कर सकते हैं। इनमें से कुछ रसायन, जिन्हें पॉलीएरोमैटिक हाइड्रोकार्बन कहा जाता है, अस्थमा के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं को निष्क्रिय कर सकते हैं। आपके अस्थमा को ट्रिगर करने वाला पर्यावरणीय कारक इसके इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं को काम करने से रोक सकता है। रसायन विज्ञान में प्रगति शोधकर्ताओं को यह पता लगाने में मददों में वैज्ञानिक मास स्पेक्ट्रोमीटर नामक उपकरणों का उपयोग करके एक साथ हजारों अणुओं की उपस्थिति का पता लगा सकते हैं। इस प्रकार वैज्ञानिक किसी दिए गए नमूने में मौजूद सभी कीटनाशकों, प्लास्टिसाइज़र (प्लास्टिक को नरम बनाने वाले रसायन), प्लास्टिक, प्रदूषण और अन्य रसायनों की पहचान कर सकते हैं। सही व्यक्ति को सही समय पर सही दवा देने के लिए उन पर्यावरणीय कारकों की बेहतर समझ की आवश्यकता है जो दवाओं के काम करने के तरीके को प्रभावित करते हैं। वैज्ञानिक एक ऐसे भविष्य की कल्पना कर रहे हैं जहां एक डॉक्टर आपके आनुवंशिक और पर्यावरणीय इतिहास का उपयोग करके सबसे अच्छा दवा उपचार निर्धारित कर सकेगा जो शुरू से ही आपके लिए कारगर होगा और जिससे 'ट्रायल एंड एरर' की आवश्यकता कम हो जाएगी।



**(साभार : लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, यह उनके निजी विचार हैं)**

# साप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 : आस्था के साथ बेतवा की स्वच्छता भी जरूरी

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

श्रमदान दल द्वारा लगातार बेतवा की साफ सफाई की जा रही है जिससे बेतवा नदी साफ और स्वच्छ हो सके। रविवार को साप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 के 21वें चरण के तहत बेतवा नदी के रिपटा घाट पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। और घाट किनारे तथा नदी के प्रवाह क्षेत्र में फैले प्लास्टिक, पॉलिथीन, तेल-शैंपू-साबुन की बोतलें, गुटखा पाउच और अन्य कचरे को हटाया। घाटों पर छोड़े गए गंदे कपड़े भी नदी को प्रदूषित कर रहे थे। जिन्हें हटाकर घाटों पर दल के सदस्यों द्वारा साफ सफाई की गई। श्रमदान दल के सदस्यों का कहना है कि हम पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से ईश्वर की भक्ति करते हैं। लेकिन क्या नदी में कचरा डालकर, कपड़े बहाकर या पॉलिथीन छोड़कर हम सच में पुण्य कमा रहे हैं आस्था का अर्थ है शुद्धता मन, विचार और कर्मों की। यदि हमारी श्रद्धा का परिणाम पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है तो यह सही दिशा



में नहीं है। श्रमदान दल सभी से लगातार अपील कर रहा है कि -

- धार्मिक अनुष्ठानों के बाद घाटों को साफ-सुथरा रखें।
- पूजन सामग्री और दशा कर्म की वस्तुओं का उचित निपटान करें।प्लास्टिक और गुटखा जैसी हानिकारक चीजों का उपयोग कम करें।
- घाटों पर कूड़ेदान और स्वच्छता केंद्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

प्रशासन, सामाजिक संगठनों और आमजन को मिलकर सफाई अभियानों में भाग लेना चाहिए। आपका एक छोटा प्रयास बेतवा की स्वच्छता की गारंटी बदलाव तब आएगा जब हम खुद को जागरूक करेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। हम जितनी श्रद्धा से अपनी पूजा-अर्चना करते हैं, उतनी ही निष्ठा से हमें अपने धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। सफाई अभियान में नीरज साहू, राकेश रघुवंशी, नितिन अग्रवाल, रुद्रांश सिंह और आकाश जैन उपस्थित रहे।

### जेल में केदियों को दिया जा रहा रोजगार का प्रशिक्षण, ताकि बाहर निकलकर आत्मनिर्भर बनें

# अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने बैंक निरंतर काम कर रहे हैं : तरसेम सिंह

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम। प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों को सजा के दौरान स्व सहायता समूहों के माध्यम से तरह-तरह के रोजगार प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, ताकि वे जेल से निकलने के बाद आत्मनिर्भर बनकर बुराईयों से दूर रह सकें। साथ ही बंदियों को जेल में ही स्व रोजगार देने की पहल भी की जा रही है। यह बात राज्य स्तरीय बैकिंग समिति के प्रमुख एवं सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के जोनल हेड तरसेम सिंह जीरा ने नर्मदापुरम प्रवास के दौरान कही।

उन्होने कहा कि नर्मदापुरम जिले में कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में केंद्रीय जेल में महिला बंदियों को भी स्व रोजगार के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। वहीं उन्होने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने सेंट्रल बैंक, लीड बैंक की भूमिका का निर्वहन कर रही है।

सेन्ट्रल बैंक, ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, व्यापार, उद्योग, और अन्य उत्पादक




गतिविधियों को बढ़ाने के लिए किसानों को फ़सल ऋण, उपकरण वित्त पोषण और कार्यशील पूंजी ऋण देते हैं। वहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और विभिन्न पहलों के माध्यम से वित्तीय समृद्धि लाने के लिए बैंक लगातार काम कर रहे है। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख रजत मिश्रा व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रमुख प्रकाश वासनिक मौजूद रहे।

#### साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूक होना चाहिए

राज्य स्तरीय बैकिंग समिति के प्रमुख एवं सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के जोनल हेड तरसेम सिंह जीरा ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर व इनवेस्टमेंट फ्राड की वृध्दि होना चिंताजनक है। लेकिन इस जालसाजी में ग्रामीण क्षेत्रों की बजाय शहरी क्षेत्र के लोग ज्यादा शिकार हो रहे हैं। उन्होने कहा कि पढ़े-लिखें युवक युवतियों को साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूक होकर मोटे रिटर्न के लालच से बचना चाहिए। उन्होने कहा कि सरकार, पुलिस व साइबर क्राइम एजेंसियां इसमें लगातार काम कर रही हैं। डिजीटल बैंकिंग को सुरक्षित करना हमारी प्राथमिकता है। लेकिन हमें जागरूक होने की ओर अधिक जरूरत है।

#### बैकिंग सेक्टर का पूरा योगदान

उन्होने कहा कि उद्योगों को आगे बढ़ाने में बैकिंग सेक्टर का पूरा योगदान है। रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इससे बैंकिंग सेक्टर मजबूत होगा। उद्योग व्यापार और निवेश गतिविधियों के प्रोत्साहन में बैकिंग सेक्टर की हर संभव कोशिश होगी। एमएसएमई देश की रीढ़ है। भारत का बैंकिंग क्षेत्र पर्याप्त रूप से पूंजीकृत और अच्छी तरह से विनियमित है। बैंकिंग क्षेत्र सुधारों के योजनाओं ने भारत के वित्तीय समावेशन को काफी हद तक बढ़ाया है और देश में ऋण चक्र को बढ़ावा देने में मदद की है।

# अमित दीवान आत्महत्या मामले में 14 दिन बाद भी नहीं पकड़ाए फरार आरोपी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

- सर्व विप्र महासभा की बैठक में परिचय सम्मेलन की रूपरेखा तय, पदों पर हुई नई नियुक्तियां

सर्व विप्र महासभा की बैठक रविवार को धर्मगुरु आचार्य डॉ गोपाल प्रसाद खद्दर की अध्यक्षता में उनके निज निवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में सर्व विप्र महासभा समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश दुबे ने जानकारी दी कि संगठन के विस्तार हेतु युवा प्रकोष्ठ में युवा समाजसेवी प्रियंक दुबे को समाज के प्रति निष्ठावान एवं कर्मठता को देखते हुए महेश शर्मा को सिवनीमालवा नगर अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर विप्र समाज के द्वारा निरंतर 8 वर्षों से आयोजित किए जा रहे युवक,युवती परिचय सम्मेलन एवं विप्र चांडक सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया।इस वर्ष यह आयोजन ब्राह्मण महाकुंभ के नाम से हो रहा है। इस कार्यक्रम में हनुमान परशुराम चालीसा का पाठ भी किया जा रहा है।

इस मौके पर प्रदेश विधि सलाहकार राजीव दुबे, संभागीय अध्यक्ष केएन मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी जयशंकर तिवारी ,युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष यश शर्मा एव महिला मंडल से संगीता मुदग़ल,उपमा शुक्ला,वरिष्ठ समाजसेवी शिखा दुबे ने प्रस्ताव रखा कि हर वार्ड में महिला एवं पुरुष वार्ड प्रभारी भी बनाना चाहिए। वही जयशंकर तिवारी ने 25 हजार रुपयों की कार्यक्रम को लेकर घोषणा करते हुए कहा कि समाज के लिए हमेशा मेरा परिवार समर्पित रहेगा।

वहीं बैठक में अमित दीवान सुसाइट केस मामले में 14 दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज विप्र जनों ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है। बैठक में आचार्य गोपाल प्रसाद खद्दर और पंकज शुक्ला सहित सभी सामाजिक बंधु ने अमित दीवान की आईपीएल सटोरियों की प्रताड़ना से आत्महत्या के मामले में 14 दिन की बीत जाने के बावजूद आरोपी अब तक नहीं पकड़े जाने को लेकर कड़ा विरोध करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन से अभी तक न्याय नहीं मिलने पर दो दिन में सर्व समाज द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# समाज मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा : मंत्री गौर ने कहा

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर एवं आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने आष्टा तहसील के ग्राम सावतखेड़ी (लक्ष्मीपुर) में यादव अहीर समाज धर्मशाला का लोकर्पण किया।

इस मौके पर गौर ने कहा कि जिस समुदाय और समाज में रहकर हमें मान सम्मान और प्रतिष्ठा मिलती है, उसके कल्याण के लिए हमारे भी कई दायित्व होते हैं। हमें उन सभी दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने लिए तो हर कोई जीता है, पर सच्चा सेवक वही है, जो समाज और देश की सेवा



**मंत्री ने किया धर्मशाला का लोकार्पण**

के लिए जिए। उन्होंने कहा कि हमारी प्राचीन परम्पराओ और संस्कृति को जन जन तक पहुचने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने कहा कि अगर हमारा समाज मजबूत होगा तो हमार देश भी मजबूत होग। उन्होंने ग्राम सावतखेड़ी के वीर शहीद सैनिक श्री संदीप यादव के पिता को सम्मानित भी किया।धा विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती गौर ने 10 लाख रूपये एवं विधायक श्री इंजीनियर ने 11 लाख रूपये धर्मशाला के लिए देने की घोषणा की।

# संत शिरोमणि *राम जी* बाबा मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बहार

### मेले में आज कामेडी किंग सुनील पाल की कॉमेडी से गूंजेंगे हँसी के ठहाके

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका द्वारा आयोजित संत शिरोमणी श्री रामजी बाबा मेला अपना पूर्ण आकार ले चुका है। चहुंओर रंगबिरंगी रोशनी से समूचा मेला स्थल जगमगा उठा है। वहीं श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए स्टेज पर प्रतिदिन रंगारंग कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज 17 फरवरी को कमेडी नाइट के प्रसिद्ध हास्य कलाकार सुनील पाल और हिमांशु बबंडर अपनी कला से श्रद्धालुओं को गुदगुदाएंगे। वहीं 18 को तुम तो ठहरे परदेशी साथ क्या निभाओगे फेम अल्ताफ राजा अपनी सुर लहरियों से मेले को गुंजायमान करेंगे।



नपाध्यक्ष नीतू यादव के मार्गदर्शन में एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में मेले को संचालित किया जा रहा है। मेले में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए प्रतिदिन रंगारंग और संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें 19 को साहिल सोलंकी इंडियन आइडिल फेम साहिल सोलंकी, 20 फरवरी को भजन गायिका अक्षरा सिंह अपनी प्रस्तुति देंगी। वहीं 21 को वाली ठाकरे देवी जागरण, 22 को आर्केस्ट्रा नाइट, 23 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और 24 फरवरी को सदाबहार गीत संध्या होगी। इसके अलावा 18 को कबड्डी का आयोजन एसएनजी स्टेडियम में होगा तो वहीं 20 फरवरी को दंगल का आयोजन एसएनजी स्टेडियम में किया जाएगा। इसी तरह 23 फरवरी को नर्मदा महाविद्यालय में विशाल बैलगाड़ी दौड़ होगी।

### सोहागपुर विधायक के आतिथ्य में स्व. विमल चुटिले स्मृति में आयोजित साईं ट्रॉफी का समापन

**सोहागपुर।** स्थानीय एसएनजी ग्राउंड पर पिछले दिनों आयोजित हुई स्व. विमल चुटिले की स्मृति में आयोजित साईं ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच के साथ भव्य समापन हुआ। फाइनल में पहुंची दोनों टीम बालागंज टाइगर और अश्विनी इलेवन के बीच कश्मकश भरे मुकाबले में अश्वनी इलेवन विजेता बनी एवं बालागंज टाइगर उपविजेता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोहागपुर विधायक विजपाल सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित करते हुए बधाई दी।इस मौके पर विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि स्व. विमल चुटिले जी स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाएगा एवं आगामी वर्षों में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट भी कराया जाएगा। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष नीतू यादव, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, हंस राय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा, वाल्मीकि समाज के जिला पटेल रामदास बडगूजर,अजय मिश्रा,संजीव मिश्रा,सेठी चौकसे,पार्षद वंदना चुटिले,राजेंद्र उपाध्याय,नरेंद्र पटेल, बंटी परिहार, कुलदीप राठौर, स्वदेश सैनी,सुंदरम अग्रवाल सहित आयोजनकर्ता समिति सदस्यों को बधाई दी। सफल आयोजन में राजेंद्र-संजीव बग्गन, हुकुम कटारिया, रितेश टाक, पंकज चुटीले, सौरभ कालोते, अमन चुटीले,सुजीत लुटेरे, अविनाश गोहर, राहुल बग्गन, कुलदीप बोहत, पीयूष बग्गन, चंदन यादव, प्रशांत गोहर आदि का विशेष योगदान रहा।

### महाशिवरात्रि मेले में डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई

**नर्मदापुरम।** महाशिवरात्रि मेला पर्व के अवसर पर जिले में चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नर्मदापुरम द्वारा मेला पर्व के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है ताकि श्रद्धालुओं को कोई भी चिकित्सा संबंधित समस्या आने पर तुरंत सहायता मिल सके। इस दौरान 17 फरवरी से 26 फरवरी तक विभिन्न पांइटो पर चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है ।बड़ा महादेव सहायक कंट्रोल रूम के लिए एमपीडब्ल्यू सिवनी मालवा श्रीराम सिंह जामने, नांदिया जंक्शन (सहायक कंट्रोल रूम) के लिए सीएचओ पोसेरा श्री चंचलेश चौधरी पिपरिया पगारा से नांदिया तक ड्यूटी, चिकित्सा अधिकारी सामु0स्वा0के0 सुखतवा डॉ. जितेन्द्र बंकोरिया एवं सीएचओ परसवाड़ा बनखेड़ी श्री शिवशंकर कुशवाहा, भैरव गुफा के लिए सीएचओ सिवनी मालवा, श्री राजूल कौरव, अस्थाई बस स्टैंड के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी सेमरी हरचंद, सोहागपुर, डॉ. सुनील यादव एवं चिकित्सा अधिकारी पिपरिया, डॉ. एहतेसाब की ड्यूटी लगाई गई है।

**मेट्रो एंकर** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 जिला मुख्यालय के 6 केंद्रों पर संपन्न

# प्रथम पाली में 1443 तथा द्वितीय पाली में 1435 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन जिला मुख्यालय के 6 परीक्षा केंद्रों पर 15 फरवरी 2025 को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा के पहले सत्र (प्रथम पाली) में कुल 1748 परीक्षार्थियों में से 1443 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि द्वितीय सत्र (द्वितीय पाली) में 1748 में से 1435 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। प्रथम पाली की परीक्षा में 305 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, वहीं द्वितीय पाली में 313 परीक्षार्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे।जिल मुख्यालय पर हुई परीक्षा के लिए नियत सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन के द्वारा समय-समय पर उड़न दस्ते द्वारा केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया था। परीक्षा के आयोजन को लेकर प्रशासन ने सभी केंद्रों पर व्यवस्था और सुरक्षा को प्राथमिकता दी थी, ताकि विद्यार्थियों को निःसंकोच परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सके।

### सीहोर : तीन केंद्रों पर दोनों सत्रों में 959 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा



**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा जिला मुख्यालय के 03 केंद्रों पर दो सत्रों में आयोजित की गई। इस परीक्षा में जिले के 1106 परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए थे। कलेक्टर बालागुरू के. ने परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों में जाकर लोक सेवा आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार परीक्षा संचालन का जायजा लिया तथा केंद्र अध्यक्षों से छात्रों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। सीहोर के डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी सुधीर कुशवाह ने बताया कि एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में कुल 1106 परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए थे। जिसमें प्रथम और द्वितीय सत्र में आयोजित परीक्षा में कुल 959 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 147 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# मृतक ड्राइवर के परिजनों को नपा ने दी 125000 की सहायता राशि



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

पिछले नगर पालिका परिषद के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में ड्राइवर की ट्रैक्टर के ब्रेक फेल होने से तथा टेंकर पलट जाने से उसके पहिए के नीचे दबाने से ड्राइवर डॉ खान की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने अनुग्रह सहायता राशि 125000 इनको उपलब्ध कराई गई है जिसका चेक देने के लिए इनके घर स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने पहुंचकर प्रदान की है। इसके अलावा श्री साहू ने बताया कि इनको बीमा की राशि भी मिलने वाली ओर इनकी पत्नी को 2000 रुपए हर महीने पेंशन के रूप में भी दिए जाएंगे इनका 15 दिन का समय पूरा हो जाने के बाद इनको नगर नगर पालिका कार्यालय में आकर साइन करके दस्तावेज जमा करने करने होंगे इसके बाद इनको पेंशन भी मिलना प्रारंभ हो जाएगी।

## तात्या टोपे जी की जन्म जयंती पर भाजपाइयों ने श्रद्धा सुमन किए अर्पित



सिरोंज। रविवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम सेनानी तात्या टोपे के जन्मदिन पर बस स्टैंड स्थित तात्या टोपे की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला उनके द्वारा देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी विस्तार से उनके जीवन चरित्र का वर्णन किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, संतोष रघुवंशी, इमरान कुरेशी आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कलेक्टर के निरीक्षण के बाद एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

# यूसुफपुर में सर्व शिक्षा अभियान की बिल्डिंग चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत विकासखंड में कई जगह बहुत-ही घटिया कार्य किया गया है। इसी का परिणाम है कि बिल्डिंग चंद सालों में ही जर्जर अवस्था में पहुंच गई है कहीं पर धराशाई होने की स्थिति में दिखाई दे रही है कुछ स्थानों पर जगह-जगह से टूट कर गिर रही है इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए भी खतरा बनी हुई है इनके पालकों की चिंताएं हमेशा इन जर्जर खड़ी बिल्डिंगों के कारण बनी रहती है उनका सोचना भी जायज है इतने सालों तक किसी ने ध्यान नहीं दिया पर कलेक्टर के निर्देश पर घटिया काम को करने वालों का कार्रवाई होगी। इनकी पोल एक दिन पहले कलेक्टर रोशन सिंह जब ग्राम युसूफ पुर की प्राथमिक शाला का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे तो कुछ ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में स्कूल का एक कक्ष जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है कभी-भी धराशाही हो सकता है बच्चों के लिए हानिकारक है इस बिल्डिंग को गिरवा दे नहीं तो किसी दिन बड़ी हानि हो सकती है। इसके बाद कलेक्टर ने इस बिल्डिंग के निर्माण के संबंध जानकारी ली तो पता चला 10 साल पहले ही अतिरिक्त कक्षा का निर्माण सर्व शिक्षा अभियान के तहत किया गया था काम सही नहीं होने के कारण इतने कम वर्षों में ही गिरने को





तैयार हो गया है। अतिरिक्त भवन में से कई स्थानों छत में छेद दिखाई दे रहे हैं गिरने की हालत में खड़ी हुई है। कलेक्टर सिंह ने सर्व शिक्षा अभियान के इंजीनियर को भी फटकार लगाते हुए कहा कि इतने कम दिनों में बिल्डिंग कैसे इस हालत में पहुंच सकती है।इसकी उम्र तो कम से कम 50 साल होनी चाहिए पर यहां पर कुछ और ही नजर आ रहा है। कलेक्टर ने एसडीएम हर्षल चैधरी को बिल्डिंग बनाने वाली एजेंसी पर करवाई करने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि पहले इसकी जांच करवाओ किसके द्वारा इसका निर्माण किया गया था गुणवत्ता का ध्यान क्यों नहीं रख गया जो भी इसमें दोषी पाया जाता है। उनके विरोध शासन की राशि से स्तरहीन काम करवाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा देते हुए कहा कि यहां पर दूसरा कक्षा बनवाया जाएगा इसको गिरवा का काम भी करवाएंगे प्रभारी जनपद सीईओ को इसको लेकर निर्देश दिए शिक्षकों की मांग पर एक छात्रों के लिए कक्षा के साथ ही शौचालय का निर्माण करवाने के निर्देश भी दिए हैं। जितनी भी अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण विकासखंड में हुआ है उन सब की जांच करवाई तो बड़े भ्रष्टाचार से पर्दा उठा सकता है। अधिकांश स्कूलों में घटिया निर्माण होने से इनका उपयोग वर्तमान में छात्रों के लिए नहीं हो रहा है, अभी यह गिरने के लिए खड़े हुए हैं।

### तहसील कार्यालय के नवीन भवन की तैयारी, वैकल्पिक जगह का भी कलेक्टर ने लिया जायजा

**सिरोंज।** तहसील कार्यालय की नई बिल्डिंग बनाने की आहट प्रारंभ हो गई है आने वाले कुछ महीने में इसकी स्वीकृति भी शासन स्तर पर मिल जाएगी। वर्तमान तहसील कार्यालय की हालत ज्यादा पुरानी होने के खराब हो रही है मरम्मत करके काम चलाया जा रहा है। बरसात के समय तो जगह-जगह से पानी टपकता है इसके चलते सरकारी रिकॉर्ड को भी बचाना मुश्किल होता है।कार्यालय की बिल्डिंग अभी जिस जगह पर कार्यालय बनी हुई है इस स्थान पर बने इसके लिए एसडीएम के द्वारा प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर को



भेजा गया है पर इसके अलावा दूसरे स्थान के बारे में भी शासन से जानकारी मांगी गई है। इसके चलते पिछले दिनों कलेक्टर रोशन सिंह आए थे तो उनको एसडीएम हर्षल चैधरी ने पुरानी डिपो की खाली जगह का मौका मुहाना करवा कर यहां पर तहसील बनाने का प्रपोजल बनाकर भेजने की बात कही है पर जनता की दृष्टि को रखते हुए अभी जहां पर तहसील कार्यालय है वहीं पर नई बिल्डिंग बनकर तैयार हो जाएगी यहां पर्याप्त जगह है इसके अलावा तहसील कार्यालय अन्य जगह ले जाना कहीं से कहीं तक उचित नहीं होगा।

**इनका कहना है**

"किस एजेंसी के द्वारा कक्षा का निर्माण करवाया गया था उस पर जांच के उपरांत नियम अनुसार कर्रवाई करेंगे।"

-हर्षल चैधरी एसडीएम

# नवभारत साक्षरता कार्यक्रम : उत्साह के साथ साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित हुए नव साक्षर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया के निर्देशन में आज रविवार को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत साक्षरता परीक्षा में 1665 परीक्षा केन्द्रों पर 90858 नव साक्षरओं की परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में सभी शासकीय एवं आशा की स्कूलों के समस्त स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी, एनसीसी, एनएसएस के छात्र एवं सामाजिक चेतना केंद्र के अक्षर साथियों ने सहयोग प्रदान किया। परीक्षा में जहां एक और सिरोंज विकासखंड के ग्राम देहरी में नव साक्षर पति-पत्नी रमेश कुमार शर्मा एवं सुखवती शर्मा ने साथ-साथ साक्षरता परीक्षा दी। वहीं नटेरन विकासखंड के ग्राम सतपाडाहाट में नंद अंजू विश्वकर्मा एवं भोजाई विनीता विश्वकर्मा ने साथ में परीक्षा दी।

डीपीसी आरपी लखेर ने बताया कि जिले में 2000 अक्षर साथियों एवं विकासखंड व जन



शिक्षा केंद्र के साक्षरता समन्वयकों सहित बीआरसीसी की सहायता से कार्यक्रम अंतर्गत अक्षर व संख्या ज्ञान के साथ-साथ असाक्षरों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने, उन्हें डिजिटल साक्षरता भी प्रदान कर उन्हें मोबाइल से होने वाले फ्रॉड से बचने के उपाय भी बदलाते हैं एवं शासकीय योजनाओं लाड़ली लक्ष्मी योजना, कन्याओं के लिए स्कूल में की जाने वाली सुविधाएं, आत्मरक्षा से संबंधित जानकारियां भी दी जाती हैं। जिले में अनेक ग्रामों में महिलाओं ने परीक्षा पूर्व वातावरण निर्माण करने एवं परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर लाने के लिए भजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया। अनेक स्थानों पर रंगोली बनाई गई एवं परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

डीपीसी श्री लखेर ने बताया कि परीक्षा परिणाम राज्य शिक्षा केंद्र की पोर्टल पर दर्ज किए जाने का कार्य प्रारंभ हो गया है जो भी नव साक्षर यदि इस परीक्षा में असफल होते हैं तो उन्हें आगामी परीक्षा में पुनः बैठने की पात्रता रहेगी।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा संपन्न

**प्रथम प्रश्न पत्र में 146 तथा द्वितीय में 162 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



विदिशा मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा विदिशा जिले में भी आज संपन्न हुई जिला मुख्यालय पर दो केन्द्रो में हुई परीक्षा के प्रथम प्रश्न पत्र में 146 तथा द्वितीय प्रश्न पत्र में 162 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे है। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुई है। परीक्षा के नोडल व डिप्टी कलेक्टर श्री संतोष बिटोलिया ने बताया कि जिले में कुल 1074 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। न्यायालय द्वारा एक परीक्षार्थी को विशेष अनुमति प्राप्त होने पर इस प्रकार जिले में 1075 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। दो सत्रों में संपन्न हुई उक्त परीक्षा के प्रथम सत्र में परीक्षा केंद्रवार सम्मिलित हुए परीक्षार्थियों की जानकारी इस प्रकार से है। परीक्षा केन्द्र कोड क्रमांक 33०1 राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर नोडल महाविद्यालय विदिशा में 500 छात्रों को परीक्षा देनी थी जिसमें से प्रथम प्रश्न पत्र में 65 तथा द्वितीय प्रश्न पत्र में 72 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार परीक्षा केन्द्र कोड क्रमांक 33०2 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल डण्डापुरा विदिशा के परीक्षा केन्द्र में 574 परीक्षार्थी सम्मिलित होना थे। प्रथम प्रश्न पत्र में 81 तथा द्वितीय प्रश्न पत्र में 90 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### पर्यवेक्षक ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

भोपाल संभाग हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक आनंद बिहारी गुप्ता ने विदिशा जिले के परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार डॉक्टर अमित सिंह तथा पर्यवेक्षक श्री गुप्ता के लायजनिंग आफिसर एवं जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत साथ-साथ मौजूद रहे।

## जिले में खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की लगातार की जा रही है जांच

**रायसेन।** कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में दिनांक 15 फरवरी को मिलावटी एवं दूषित खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले खाद्य विक्रेताओं के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही बरेली क्षेत्रान्तर्गत रेस्टोरेंट से धनिया पावडर, हल्दी पावडर, कोर्न फ्लोर, रबड़ी, पनीर, गुलाब जामुन, गाजर हलवा तथा एजेन्सी से घी, इंस्टेंट डेरी मिक्स, मैंगो पिकल के नमूने लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए । राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल से संबंधित नमूने की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर गुणदोष के आधार पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जावेगी। विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इस सप्ताह के विगत दिनों में भी मंडीदीप स्थित किराना दुकान से सरसों तेल, मिक्स्ड पिकल, औबेदुल्लागंज स्थित ढाबे से बेसन, आटा, रसगुल्ला, तीख मिक्चर तथा रायसेन स्थित किराना दुकान से कुकिंग लाईट एवं भागर के नमूने लेकर जांच हेतु भेजे गए हैं।

## जोन स्तरीय तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 17 से

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी निर्देशानुसार भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के डाइट में अध्ययनरत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियो का जोन स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन विदिशा में 17 से 19 फरवरी किया गया है। विदिशा डाइट प्राचार्य जीपी राठी ने जिला खेल स्टेडियम परिसर विदिशा में सोमवार की दोपहर 2.30 बजे से शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट, विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 17 से 19 फरवरी तक इसमें भोपाल संभाग के भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, सीहोर तथा नर्मदापुरम संभाग के पचमढ़ी (होशंगाबाद )एवं प्रभातपट्टन (बैतूल) के डाइट में अध्ययनरत शिक्षक प्रशिक्षणार्थी बालक एवं बालिकाएं भाग ले रही हैं।

खेलकूद प्रतियोगिता (कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, गोला फेंक, भाला फेंक के अलावा एथलीट प्रतियोगिताओं के तहत दौड़ क्रमशः 100मी., 200मी., 400मी. और 800 मीटर की दौड़ तथा साहित्यिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, निबंध, कहानी वाचन, व्यंग्य लेखन, कविता लेखन, लघुकथा लेखन एवं चित्रकला आयोजित की जाएगी। सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं खेल स्टेडियम जबकि साहित्यिक प्रतियोगिताएं डाइट विदिशा में आयोजित की गई हैं।

**मेट्रो एंकर** नगर पालिका परिषद 3 करोड़ से अधिक की बकाया राशि वसूलने के लिए लगाएगी केंप

# टैक्स की बड़ी राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के काटे जाएंगे नल कनेक्शन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कई सालों से कई उपभोक्ताओं के द्वारा जल कर से लेकर संपत्ति कर ,नगरीय विकास कर दुकानों किराया भी जमा नहीं किया गया इसके वजह से मोटी राशि इस समय उपभोक्ताओं पर बाकी यदि यह राशि नगर पालिका के पास आ जाए तो विकास को भी गति प्रदान होगी 3 करोड़ से अधिक की बकाया राशि वसूलने के लिए पूरा अमला धरातल पर काम करने के लिए उतरेगा इसकी तैयारी नगर पालिका प्रशासन ने की है। अब इस राशि को वसूलने के लिए धरातल पर तेज गति से कार्य करने की तैयारी नगर पालिका प्रशासन के द्वारा शासन के आदेश पर प्रारंभ की गई जा रही है सबसे पहले बड़े बकायेदारों को राशि जमा करने के लिए समझाया जाएगा इसके बाद जमा नहीं करने वालों के नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी जलकर की राशि एक करोड़ से अधिक बकाया है। इसके अलावा अन्य कारों की राशि जमा नहीं करने वालों पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाए इसके अलावा जिन दुकानों के किराय जमा नहीं जाएगा उनसे दुकानें भी खाली भी करवाने की करवाई भी हो सकती है इसके लिए शहर के प्रत्येक वार्ड और मोहल्ले में उक्त बकाया राशि



करने पर लाभ भी दिया जाएगा इसके लिए आने वाले दिनों में नगरपालिका अधिकांश अमला इसी काम में जडेजा क्योंकि मार्च से पहले राशि वसूलने का टारगेट ऊपर से ही निश्चित किया गया है उसके हिसाब से ही बजट भी पेश हो पाएगा उपभोक्ताओं से बकाया राशि जमा करवाने के लिए कलेक्टर से लेकर नगरी प्रशासन विभाग के अधिकारी भी सत्ख निर्देश दे चुके हैं। दूसरी ओर इतने समय से बकायदारों के द्वारा राशि नहीं चकाई फिर भी इन पर नगर पालिका के तत्कालीन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है इस वजह से राशि बकाया बढ़ती गई अब उसको वसूलने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पसीने छूट रहे हैं।तरह की करवाई इस बार करने की तैयारी की गई इस तरहकी कार्रवाई राशि जमा करवाने क लिए समय-समय पर नगर पालिका परिषद अधिकारी कर्मचारियों ने की होती तो इस तरह के हालात निर्मित नहीं होते कड़े कदम उठाने की बात भी नगर पालिका सीएमओ कर रहे हैं। नगर पालिका परिषद सबसे पहले बड़ी राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई करेंगे इनके कनेक्शन दोबारा तभी प्रारंभ किए जाएंगे यह जब बकाया शुल्क जमा नहीं करेंगे तब तक इनकी सप्लाई बंद रहेगी पानी की कमी होने पर बकाया राशि जमा करने का दबाव उपभोक्ताओं पर रहेगा जलकर की राशि आम उपभोक्ताओं की तरह कई सरकारी कर्मचारियों अधिकारियों के द्वारा भी सालों से जलकर की राशि जमा नहीं की गई है इस वजह से उनकी वसूली करने के लिए कितने ठोस कदम नगर पालिका परिषद अधिकारी कर्मचारी उठाएंगे या तो आने वाले समय में ही पता चलेगा 2 दिन पहले बकाया राशि विभिन्न करों की वसूली करने के लिए कलेक्टर रोशन सिंह ने सीएमओ को कड़े शब्दों में निर्देश दिए हैं। इसी का परिणाम है कि बकाया राशि से 31 मार्च से पहले जमा करवाने के लिए सभी तरह के कदम उठाने की बात अधिकारियों के द्वारा की जा रही है।

### 65 दिन में 74 मुकाबले, 12 डबल हेडर, फाइनल ईडन गार्डंस में खेला जाएगा

# आईपीएल का पहला मैच 22 मार्च को बेंगलुरु-कोलकाता के बीच होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने शाम 5.30 बजे 18वें सीजन का शेड्यूल रिलीज किया। ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच कोलकाता में 22 मार्च को होगा। दूसरा बड़ा मुकाबला 23 मार्च को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच चेन्नई में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। इस बार 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। 18 मई तक लीग स्टेज के 70 मैच होंगे, जिनमें 12 डबल हेडर हैं। यानी 12 बार 1 दिन में 2 मैच खेले जाएंगे। फाइनल 25 मई को कोलकाता में होगा।




### हैदराबाद और कोलकाता में खेला जाएगा प्लेऑफ मैच

आईपीएल में परंपरा रही है कि टूर्नामेंट का ओपनिंग और फाइनल मैच डिफेंडिंग चैंपियन टीम के होमग्राउंड पर खेला जाता है। इस बार भी कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में यह दोनों मैच होंगे। फाइनल 25 मई को होगा, कोलकाता में 23 मई को क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा। पिछले सीजन की रनर-अप टीम सनराइजर्स हैदराबाद के होमग्राउंड राजीव गांधी स्टेडियम में भी 2 प्लेऑफ मैच होंगे। यहां 20 मई को क्वालिफायर-1 और 21 मई को एलिमिनेटर खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स अपना पहला मैच विशाखापट्टनम में 24 मार्च को एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। वहीं अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 25 मार्च को गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला होगा। यह दोनों टीमों का सीजन में पहला ही मैच रहेगा।

चेन्नई और मुंबई ने सबसे ज्यादा टाइटल जीते आईपीएल भारत का फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट है। यह हर साल मार्च से मई के दौरान टी-20 फॉर्मेट में खेला जाता है। इसकी शुरुआत 2008 में 8 टीमों के साथ हुई थी। राजस्थान ने चेन्नई को फाइनल हराकर पहले सीजन का टाइटल जीता था। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने सबसे ज्यादा 5-5 टाइटल जीते हैं। चयक्र3 खिताब जीतकर तीसरी सबसे सफल टीम है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के 12 दिन बाद शुरू होगा आईपीएल सीजन

चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल 9 मार्च को होगा। इसके 12 दिन बाद आईपीएल शुरू होगा। यानी प्लेयर्स को तैयारी के लिए 2 हफ्ते भी ठीक से नहीं मिलेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 19 मार्च से शुरू होगी। टूर्नामेंट पाकिस्तान और दुबई में होना है। भारत का पहला मैच 20 मार्च को बांग्लादेश से है। टीम इंडिया दुबई के लिए रवाना हो चुकी है।

### 23 मार्च को पहला डबल हेडर

18वें सीजन का पहला डबल हेडर 23 मार्च को टूर्नामेंट के दूसरे दिन ही हो जाएगा। दोपहर 3.30 बजे से स्क्रा। और आरआर हैदराबाद में भिड़ेंगी। वहीं शाम 7.30 बजे से मुंबई और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मार्च में इसके बाद 30 तारीख को ही डबल हेडर होगा। अप्रैल में 5, 6, 12, 13, 19, 20 और 27 तारीख को एक दिन में 2 मैच होंगे। वहीं मई में 4, 11 और 18 तारीख को डबल हेडर खेले जाएंगे। सभी डबल हेडर शनिवार या रविवार को ही होंगे।

### 13 वेन्यू पर 10 टीमों के मुकाबले

अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, लखनऊ, मुल्लांपुर (मोहाली), दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, हैदराबाद 10 टीमों के होम ग्राउंड हैं। इनके अलावा गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और धर्मशाला यानी कुल 13 वेन्यू पर मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में 10 टीमों के बीच 13 वेन्यू पर 65 दिनों में 74 मैच होने हैं। गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स का दूसरा होमग्राउंड है, यहां टीम के 2 मैच होंगे। टीम 26 मार्च को कोलकाता और 30 मार्च को चेन्नई से यहां भिड़ेगी। धर्मशाला पंजाब किंग्स का दूसरा होम ग्राउंड है। यहां टीम के 3 मैच होंगे। विशाखापट्टनम दिल्ली कैपिटल्स का दूसरा होमग्राउंड है। यहां टीम 2 मैच खेलेगी।



# नेशनल गेम से उत्तराखंड में नई उम्मीदों की शुरुआत, 102 पदक जीतकर टॉप-10 में जगह बनाई

### खिलाड़ियों के लिए बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार

देहरादून, एजेंसी

उत्तराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेल में 102 मेडल जीतकर उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने इतिहास रच दिया है. प्रदेश को पहली बार राष्ट्रीय खेल की मेजबानी का अवसर मिला था, प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से लेकर प्रदेश के खिलाड़ियों का प्रदर्शन कैसे उत्कृष्ट हो. इस बात पर विशेष ध्यान दिया था, जिसके कारण ऐतिहासिक आयोजन में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर चार चांद लगा दिये. प्रदेश में हुए 38 वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 24 गोल्ड मेडल 35 सिल्वर मेडल और 43 ब्रॉन्ज मेडल जीत कर इतिहास रच दिया है.

उत्तराखंड बनने के बाद पहली बार प्रदेश के खिलाड़ियों ने इतने मेडल जीते हैं और अंक तालिका में उत्तराखंड सातवें पायदान पर रहा है. जबकि 37 वें राष्ट्रीय खेल में उत्तराखंड का प्रदर्शन बेहद खराब था, इसीलिए अंक तालिका में 25 वें स्थान प्राप्त किया था. वही 38 वें राष्ट्रीय खेल के प्रारंभ होने से महीनों पहले ही प्रदेश सरकार ने प्रदेश के खिलाड़ियों को निखारने के लिए बाहर से कोच मंगवाने के साथ-साथ उनकी डाइट और ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान दिया था. 38 वें राष्ट्रीय खेल में एसएससीबी ने 67 गोल्ड मेडल, 26 सिल्वर मेडल और 27 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने नाम 120 मेडल कर लिये. 67 गोल्ड मेडल समेत 120 मेडल जीतकर एसएससीबी 38 वें राष्ट्रीय खेल में सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाली टीम बन गई है.

### राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

उत्तराखंड राज्य ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों के इतिहास में उत्तराखंड ने पहली बार शतक लगाने में कामयाबी हासिल हुई हैं. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जहां एक तरफ प्रदेश में होने वाले राष्ट्रीय खेल के आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए बेहतरीन मैदान और सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं. वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस कैसे अच्छी हो इसको लेकर भी सरकार की तरफ से काम किया गया, जिसका परिणाम यह रहा की पहली बार हमने 24 गोल्ड 35 सिल्वर और 43 ब्रॉन्ज मेडल के हासिल कर 102 मेडल जीतने का रिकॉर्ड बना दिया है. पिछले 37 वें राष्ट्रीय खेल हम 25 वें स्थान पर थे, इस बार हम 7 स्थान पर हैं. अगले राष्ट्रीय खेल में हम टॉप 5 में जगह बनाने का प्रयास

# ग्रांट फिशर ने 6 दिन में दूसरी बार बनाया विश्व रेकॉर्ड

**बोस्टन, एजेंसी**

अमरीका के 27 वर्षीय धावक ग्रांट फिशर शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने छह दिन के अंदर दो इंडोर रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं। ग्रांट शुक्रवार रात यहां बोस्टन यूनिवर्सिटी डेविड हेमरी वैलेंटाइन इनविटेशनल में 5000 मीटर इंडोर स्पर्धा में शीर्ष पर रहे। उन्होंने 12 मिनट 44.09 सेकेंड का समय निकाला और फ्रांस के जिमी ग्रेसियर का विश्व रेकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने यूरोपियन इंडोर स्पर्धा में 12 मिनट 54.92 सेकेंड के साथ बनाया था।





**3000मी इंडोर में भी कायम की बादशाहत :** ग्रांट ने न्यूयॉर्क में 3000 मीटर इंडोर स्पर्धा में भी बादशाहत कायम करते हुए चार मिनट 23.35 सेकेंड के साथ नया विश्व रेकॉर्ड बनाया था। गौरतलब है कि ग्रांट पेरिस ओलंपिक 2024 की 5000 और 10,000 मी स्पर्धा में कांस्य पदक जीत चुके हैं। वहीं ग्रांट ने रेस जीतने के बाद कहा कि अभी उनका अच्छा वक्त चल रहा है और वो इसका लुत्फ उठा रहे हैं।

# आर्सेनल ने लगाई जीत की हैट्रिक, लीस्टर सिटी को हराया

**लंदन, एजेंसी**

शानदार फॉर्म में चल रही आर्सेनल की टीम ने यहां खेले गए इंग्लिश प्रीमियर लीग मुकाबले में लीस्टर सिटी को 2-0 से शिकस्त दी। आर्सेनल ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत हासिल की और दूसरे स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। टीम के 25 मैचों में 15 जीत के साथ 53 अंक हैं। वहीं, लीस्टर सिटी को पिछले पांच मैचों में चौथी हार मिली और वो 18वें नंबर पर है। आर्सेनल के लिए दोनों गोल मिकेल मिरेनो ने दागे। चेल्सी को इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में ब्राइटन एंड होव अल्बीयन के खिलाफ 0-3 से करारी हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार रात मिली इस हार से चेल्सी के कोच इंजो मारेस्का बेहद गुस्से में आ गए। मैच के बाद उन्होंने खिलाड़ियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई और कहा कि यह उनके कार्यकाल में टीम का सबसे बुरा प्रदर्शन है। वहीं, ब्राइटन ने इस टूर्नामेंट के इतिहास में चेल्सी के खिलाफ 25 मैचों में कुल चौथी जीत हासिल की है। इस दौरान उसे 16 मैचों में हार मिली और पांच मुकाबले ड्रॉ रहे।

### ब्राइटन से हारा चेल्सी तो गुस्सा हो गए कोच, बताया सबसे खराब प्रदर्शन




**मिन्तेह ने दो गोल दागे:** ब्राइटन की इस शानदार जीत के हीरो जाम्बिया के 20 वर्षीय खिलाड़ी यान्कूबा मिन्तेह रहे, जिन्होंने सर्वाधिक दो गोल दागे। उन्होंने 38वें और 63वें मिनट में गोल करके टीम को बढ़त दिलाई। इससे पहले, टीम के लिए पहला गोल जापान के 27 वर्षीय खिलाड़ी कोरू मितोमा ने किया, जिन्होंने 27वें मिनट में गोल किया और टीम का खाता खोला।

**शीर्ष तीन में जगह बनाना मुश्किल:** चेल्सी के लिए तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाना मुश्किल हो गया है। चेल्सी ने 25 मैचों में 12 जीते, छह हारे और सात ड्रॉ खेले हैं। वह 43 अंकों के साथ चौथे नंबर पर है। वहीं, ब्राइटन 37 अंकों के साथ आठवें स्थान पर है।

**पिछले 6 मैचों में घर पर पहली जीत:** ब्राइटन को ईपीएल में अपने घरेलू मैदान पर छह मैचों में पहली जीत मिली। इस दौरान ब्राइटन ने दो हारे और तीन ड्रॉ खेले थे। वहीं, चेल्सी को पिछले पांच मैचों में विपक्षी टीम के मैदान पर जीत नहीं मिली है। इस दौरान चेल्सी ने तीन मैच हारे हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# समाज को आईना दिखाते नजर आएंगे निर्माता अनुभव सिन्हा, तापसी पन्नू होंगी मुख्य किरदार





'मुल्क' और 'भीड़' जैसी फिल्मों से पहचाने जाने वाले निर्माता अनुभव सिन्हा, तापसी पन्नू के साथ एक और फिल्म लेकर आने वाले हैं। यह फिल्म भी सामाजिक दृष्टिकोण पर आधारित होगी। फिल्म निर्माता अनुभव सिन्हा ज्यादातर सामाजिक मुद्दों पर फिल्में बनाते नजर आते हैं। उनकी फिल्में कुछ गहरा संदेश देती हैं। 'मुल्क' फिल्म भी एक कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म थी, जिसमें तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में थी। अब सिन्हा इस बार फिर तापसी पन्नू के साथ एक सीरियस सामाजिक मुद्दे को लेकर फिल्म बनाने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह कहा गया कि अनुभव सिन्हा की यह फिल्म समाज के गंभीर और ज्वलंत मुद्दे को उठाती है। यह फिल्म 'मुल्क' जैसी होगी लेकिन 'मुल्क' का अगला भाग नहीं होगा। ऐसे ही मुद्दे वो उठाते हैं, जिसे बनाने में फिल्म निर्माता लोग कतराते है। ये फिल्में समाज में जागरूकता फैलाने का काम करती हैं। तापसी पन्नू इससे पहले सिन्हा के निर्देशन में दो और फिल्मों में काम कर चुकी हैं। 'मुल्क' और 'थप्पड़' फिल्म में तापसी ने शानदार अभिनय किया है। अब सिन्हा के निर्देशन में तापसी की यह तीसरी फिल्म होगी, जिसका रिपोर्ट के जरिए खुलासा हो गया है। हालांकि, इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। अनुभव की इस फिल्म में तापसी के साथ मनोज पहवा और कुमुद मिश्रा जैसे कलाकार भी अहम भूमिका निभाने वाले हैं। फिल्म के लिए दूसरे सहायक कलाकारों की तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक अप्रैल में इस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। अनुभव सिन्हा की फिल्म से पहले तापसी कुछ और प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। जिस कड़ी में वह थ्रिलर 'गांधारी' में काम करेंगी।

### 'तेरे इश्क में' से धनुष का लुक हुआ लीक, शूटिंग करते दिखे

अभिनेता धनुष इन दिनों दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में अपनी आगामी फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग कर रहे हैं। निर्देशक आनंद एल राय की फिल्म के सेट से एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में धनुष कॉलेज में एक्शन दृश्यों की शूटिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं और छात्र अभिनेता की एक झलक पाने के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं। कैंपस में उत्साह का माहौल है, क्योंकि छात्रों ने अभिनेता की एक्शन की झलकियां कैद की हैं। कई तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिनमें धनुष कॉलेज में दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे प्रशंसकों के बीच चर्चाएं तेज हो गई हैं। छात्रों द्वारा साझा की गई लीक फुटेज में फिल्म की शूटिंग के पीछे के दृश्य दिखाए गए हैं। एक वायरल तस्वीर में धनुष को भीड़ के बीच से भागते हुए दिखाया गया है, जबकि एक्स्ट्रा कलाकार उन्हें ध्यान से देख रहे हैं। इस वायरल तस्वीरों और वीडियो में धनुष का नया लुक भी देखने को मिला। प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर धनुष की 41 साल की उम्र में बिना डिजिटल डी-एजिंग की आवश्यकता के कॉलेज स्टूडेंट की भूमिका निभाने की क्षमता की प्रशंसा की। यह रांझणा (2013) और अतरंगी रे (2021) के बाद आनंद एल राय के साथ धनुष की तीसरी फिल्म है। तेरे इश्क में और रांझणा के बीच समानताओं के बारे में बात करते हुए आनंद एल राय ने पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में बताया था, यह रांझणा की दुनिया से है, लेकिन क्या यह रांझणा 2 है?

### अक्षय खन्ना को ऑफर हुई सीरीज 'फैमिली मैन', बाद में मनोज बने श्रीकांत तिवारी





जल्द ही दर्शकों को मनोज बाजपेयी वेब सीरीज 'फैमिली मैन 3' में श्रीकांत तिवारी का अपना पॉपुलर कैरेक्टर निभाते हुए नजर आएंगे। इस किरदार में दर्शक उन्हें काफी पसंद करते हैं। लेकिन मनोज के फैंस को जानकर हैरानी होगी कि पहले श्रीकांत तिवारी का किरदार किसी और एक्टर को ऑफर हुआ। वेब सीरीज 'फैमिली मैन' में मनोज बाजपेयी ने श्रीकांत तिवारी का किरदार इतना उम्दा तरीके से निभाया है कि दर्शक उनके बिना सीरीज की कल्पना नहीं कर सकते हैं। लेकिन ऑडियंस को जानकर हैरानी होगी कि मनोज इस सीरीज के लिए पहली पसंद नहीं थे। उनसे पहले एक नामी बॉलीवुड एक्टर को श्रीकांत तिवारी का रोल वेब सीरीज 'फैमिली मैन' में ऑफर हुआ था। लेकिन किन्हीं कारणों से वह एक्टर इस सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाया। वेब सीरीज 'फैमिली मैन' पहले मेकर्स ने अक्षय खन्ना को ऑफर की थी। लेकिन बजट इश्यू के कारण ऐसा मुमकिन नहीं हुआ। दरअसल, अक्षय खन्ना ने मेकर्स से ज्यादा फीस की डिमांड की। बाद में मनोज बाजपेयी के पास ये सीरीज पहुंची और उन्होंने इसे एक्सेप्ट कर लिया। मनोज बाजपेयी ने फैमिली मैन सीरीज में एक रॉ एजेंट का किरदार निभाया है। लेकिन उसके परिवार को उसके काम के बारे में पता नहीं है। वह दुनिया की नजरों में एक कॉमन मैन है। जबकि वह अपनी टीम के साथ मिलकर देश के दुश्मनों से मुकाबला करता है। इस सीरीज की कहानी और मनोज की एक्टिंग को दर्शकों ने काफी पसंद किया। जल्द ही फैमिली मैन 3 भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने वाली है। वेब सीरीज 'फैमिली मैन 3' में इस मनोज बाजपेयी के साथ जयदीप अहलावत भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगे। वह मनोज के साथ काम करके काफी खुश हैं। उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ कर चुके हैं। जयदीप अहलावत भी अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज 'पाताल लोक 2' के कारण दर्शकों के बीच चर्चा में हैं।



**मेट्रो बाजार**

# खाद्य वस्तुओं की थोक मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 5.88% रह गई



**नईदिल्ली, एजेंसी**

महंगाई के मोर्चे पर कुछ राहत मिली है। थोक मुद्रास्फीति बढ़ने की दर जनवरी में सुस्त होकर 2.31 फीसदी रह गई। खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों की कीमतों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही। जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर दिसंबर 2024 में 2.37 फीसदी थी। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जनवरी,2025 में घटकर 5.88 फीसदी रह गई, जबकि दिसंबर में यह 8.47 फीसदी थी। सब्जियों की थोक महंगाई दर उल्लेखनीय रूप से घटकर 8.35 फीसदी रह गई, जो दिसंबर 2024 में 28.65 फीसदी थी। ईंधन और बिजली श्रेणी में भी राहत देखने को मिली। इस क्षेत्र में मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 2.78 फीसदी रह गई, जबकि दिसंबर में यह 3.79 फीसदी थी। इससे ऊर्जा लागत में नरमी आने की संभावना है, जो उद्योगों और आम लोगों के लिए राहत भरी खबर हो सकती है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण जनवरी में खुदरा महंगाई बढ़ने की दर 4.31 फीसदी रह गई जो पांच महीने की सबसे धीमी बढ़ोतरी है। हाई बेस इफेक्ट के कारण देश में भले ही महंगाई बढ़ने की दर सुस्त हुई है, लेकिन अभी लोगों को बढ़ती महंगाई की मार से राहत नहीं मिली है।

# बाजार में भारी गिरावट के बावजूद आर्बिट्राज फंड्स दे रहे पॉजिटिव रिटर्न

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार में पिछले 4 महीने से ही भारी बिकवाली देखने को मिल रही है। गिरावट के इस दौर में निवेशकों में घबराहट का माहौल है। अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर ग्लोबल इकोनॉमी में बनी अनिश्चितता के बीच घरेलू बाजार शॉर्ट टर्म में वोलेटाइल रह सकता है। लेकिन इस उठापटक के दौर में भी आर्बिट्राज फंड ने निवेशकों को पॉजिटिव रिटर्न दिया है। दरअसल, ये फंड्स उतार-चढ़ाव का इस्तेमाल रिटर्न जेनरेट करने के लिए करते हैं। यही वजह है कि जनवरी में इन फंड्स में 4,292 करोड रुपए का नेट इनफ्लो दर्ज किया गया। निवेश पाने में ये फंड हाइब्रिड कैटेगरी में सबसे आगे रहे। पिछले 6 माह में में इन फंडों ने औसतन 3.5त्न रिटर्न दिया है। एक साल में औसत रिटर्न 8त्न रहा। स्टॉक फ्यूचर्स को लेकर निवेशकों में जबरदस्त उत्साह और भारी उतार-चढ़ाव की वजह से इन फंडों का प्रदर्शन शानदार रहा।



## शरीर में नहीं है कहीं भी चोट के निशान, पुलिस पीएम रिपोर्ट का कर रही इंतजार

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर दोस्त बोला-चलती बाइक से गिरा!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित रिवेयरा टाउन के सामने एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके साथ मौजूद युवक ने बताया कि वह चाउमीन खाकर लौट रहे थे, तभी चलती बाइक से वह गिर गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। रविवार को उसका पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

युवक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। लिहाजा पुलिस को बाइक से गिरने की बात समझ नहीं आ रही है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार राहुल नगर निवासी 25 वर्षीय सागर वर्मा ड्रायवरी करता था। शनिवार रात वह अपने दोस्त राहुल के साथ चाउमीन खाने के लिए निकला था। राहुल ने बताया कि वह चाउमीन खाकर राहुल नगर घर लौट रहे थे, तभी रिवेयरा टाउन के पास बाइक पर पीछे बैठे सागर को चक्कर आ गया। चक्कर आने से वह बाइक पर लटक गया था। जब तक राहुल बाइक रोकता वह नीचे गिर गया। उसे लेकर अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।



### फ्लैट के लिए पति कर रहा था पैसों की डिमांड, प्रताड़ित पत्नी ने फांसी लगाकर दे दी जान

**भोपाल ।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित बैरागढ़ कलां में गत 31 जनवरी को फांसी लगाने वाली नवविवाहिता के पति के खिलाफ पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने एसीपी बैरागढ़ को सौंपी गई थी। जांच में यह बात सामने आई कि पति उसे शादी के बाद से दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था। वह फ्लैट के लिए दस लाख रुपए की मांग कर रहा था।

बैरागढ़ पुलिस के अनुसार करौदिंया गांव निवासी 24 वर्षीय वर्षा रजक की दिसंबर 2022 में बैरागढ़ कलां निवासी सुनील रजक उर्फ गब्बर से शादी हुई थी। गब्बर सिंह बर्तन की दुकान में काम करता है। दोनों की 1 साल की बेटी है। 31 जनवरी को वर्षा ने घर में छत पर फांसी लगा ली थी। घटना के समय पति काम पर गया था, जबकि घर पर सिर्फ वर्षा और उसकी ननद थी। वर्षा के परिजन ने अपने बयानों में बताया कि गब्बर दहेज में बोलेरो कार की मांग कर रहा था। बाद में वह फ्लैट के लिए पैसा मांगने लगे। इसके लिए वह वर्षा के साथ मारपीट करता था। वर्षा ने सुसाइड के तीन दिन पहले अपनी भाभी को कॉल कर बताया था कि पति गब्बर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने मायके ले जाने की गुहार लगाई थी। परिजन उसे लेने आने वाले थे, इससे पहले उसने फांसी लगा ली थी। पुलिस ने गब्बर को गिरफ्तार कर लिया है।

### गला दबाकर की थी युवक की हत्या, अज्ञात पर हत्या का मामला दर्ज, जांच शुरू

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा कॉलोनी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। पुलिस को मृतक की पीएम रिपोर्ट मिल गई है। पीएम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस ने अज्ञात हत्यारे पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस हत्यारे की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार सोनू गुप्ता (30) कृष्णा कॉलोनी गौतम नगर में रहता था और बर्तनों की पॉलिश का काम करता था। गत सोमवार को वह दुकान नहीं पहुंचा। दो दिन बाद भी वह दुकान नहीं पहुंचा तो मालिक ने कर्मचारियों के उसके घर भेजा। घर के गेट पर बाहर से ताला बंद मिला। संदेह होने पर कर्मचारियों ने ताला तोड़ा तो अंदर सोनू की लाश मिली। मौके पर पहुंची पुलिस शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। पीएम रिपोर्ट मिलने पर पता चला कि सोनू की गला दबाकर हत्या की गई है। हत्या के बाद हत्यारे ने बाहर से ताला लगा दिया था। पुलिस को संदेह है कि उसकी हत्या किसी करीबी ने की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से 70 साल के बुजुर्ग की मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

खजूरी सड़क गल्ला मंडी के सामने रविवार सुबह अज्ञात वाहन ने 70 साल के बुजुर्ग को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को सड़क सड़क से उठाकर अस्पताल ले जाया गया था, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगा रही है।

पुलिस के अनुसार बैरागढ़ कलां निवासी 70 साल के घासीराम भार्गव प्रतिदिन की तरह रविवार सुबह घर से टहलने का कहकर निकले थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। करीब 11 बजे उन्हें खजूरी सड़क इलाके में गल्ला मंडी के के सामने घायल अवस्था में देखा गया। वे सड़क पर पड़े हुए थे। उनके सिर में गंभीर चोट थी, जबकि दोनों पैर टूट गए थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद घासीराम को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। घासीराम के पास मिले आधार कार्ड से उनकी पहचान की। हालांकि आसपास के दुकान वालें भी घासीराम को पहचानते थे।

### पिकअप वाहन की टक्कर से मौलाना ने तोड़ा दम

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित भोपाल रोड जिओ पेट्रोल पंप के सामने शनिवार शात पिकअप वाहन ने बाइक सवार मौलाना को टक्कर मार दी। हादसे में मौलाना को गंभीर चोट आई थी। उन्हें बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के समय करोंद निवासी मौलाना बैरसिया से किसी रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले पिकअप वाहन को जब्त कर आरोपी चालक पर कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि मोहम्मद अली पिता अली मोहम्मद (30) मुल्ला कॉलोनी, करोंद में रहते थे। वे मौलाना थे और शनिवार शाम बैरसिया में रहने वाले रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे। वे शाम करीब पौने 6 बजे के आसपास जिओ पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक को पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। मौलाना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन चोट अधिक होने के कारण उनकी मौत हो चुकी थी।



### क्राइम ब्रांच ने किया महिला से साढ़े तीन किलो गांजा जब्त

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच की टीम ने एक महिला गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से साढ़े 3 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि कस्तूरबा अस्पताल के पास एक महिला पीली-सफेद रंग की साड़ी पहने हुए है। उसके पास प्लास्टिक की थैले में गांजा है। वह ग्राहक की तलाश कर रही है। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच की टीम ने संदिग्ध महिला को अभिरक्षा में लिया। उसने अपना नाम बतासी उर्फ रेशम पत्नी सुरेश गौर (55) फ्रीगंज मंडी जिला सीहोर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास थैले से दो पैकेट मिले जिसमें गांजा रखा हुआ था। पुलिस गांजे के बारे में महिला से पूछताछ कर रही है।

### सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसे बाइक सवार की हुई मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित नेताजी कॉलोनी में शनिवार शाम सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में बाइक सवार घुस गया। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रामफूल कटेरा पिता कन्हैयालाल कटेरा (45) मूलत~राजगढ़ में रहता था और प्राइवेट काम करता था। शनिवार शाम वह नजीराबाद स्थित नेताजी कॉलोनी से गुजर रहा था। इस दौरान उसकी बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई। हादसे के समय वह अकेला था। ग्रामीणों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। सड़क पर ट्रैक्टर ट्रॉली खड़े करने वाले पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

### आईटीआई कैंपस के बाहर खंभे पर लटकी मिली युवक की लाश, पिता के साथ चलाता था गुमठी



**भोपाल।** गोविंदपुरा आईटीआई कैंपस के बाहर खंभे पर एक युवक ने फांसी लगा ली। उसकी लाश आईटीआई के छात्रों ने फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची अशोका गार्डन पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस के अनुयार शुभम सूर्यवंशी पिता पन्नालाल सूर्यवंशी (30) मयूर विहार कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहता था। शुभम परिवार में इकलौता बेटा था और अपने पिता के साथ आईटीआई कैंपस में ही चाय की दुकान लगाता था। शनिवार को वह दुकान पर था। दुकान बंद करने के बाद निकल गया, लेकिन घर नहीं पहुंचा। रात करीब 10 बजे आईटीआई के हास्टल में रहने वाले छात्रों ने उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी तलाशी ली, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।




*भोपाल। राजधानी स्थित लालघाटी हलालपुर बस स्टैंड के सामने लगा यह बोर्ड इंदौर की तरफ से आने वाले लोगों का स्वागत करता है। इसमें लिखा है कि झीलों के शहर भोपाल में आपका स्वागत है। मगर हाल यह है कि बोर्ड टूट कर लटक रहा है। यह दुर्घटना का सबब बन सकता है। इसकी सुध किसी को नहीं है जबकि पूरे शहर को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए संवारने व सजाने का दौर चल रहा है।* **निर्मल व्यास**

### बोलेरो ने स्कूटर सवार दंपती को मारी टक्कर महिला की मौत, पति समेत दो बच्चे घायल




**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम सड़क पर कल शाम तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने स्कूटर सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे के समय स्कूटर पर दंपती के दो बच्चे भी थे। टक्कर लगने से स्कूटर पर पीछे बैठी महिला को गंभीर चोट आईड़थी। उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने बताया कि संजू किरार पति उमेश किरार (42) बंगरसिया में रहती थी। संजू का पति उमेश फेडरल बैंक में गार्ड की नौकरी करता है। उसने पुलिस को बताया कि वह पत्नी और परिवार के साथ स्कूटर से मिसरोद आया था। सभी लोग स्कूटर पर सवार था। बेस्ट प्राइज के सामने रविवार शाम करीब पांच बजे बागसेवनिया की ओर से आ रही बोलेरो ने उसकी स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बच्चों के साथ बांई तरफ गिराड़था, जबकि संजू सड़क पर स्कूटर के दांयी ओर गिरी थी। सड़क पर गिरते ही वह बोलेरो की चपेट में आ गई।

**मेट्रो एंकर** राजधानी के दो अलग-अलग थानों में मर्ग कायम किए

# शादी नहीं होने से दुखी होकर युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर झुग्गी में शनिवार सुबह एक युवक ने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए थे। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उसके पास पुलिस से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि तीन महीने से वह बेरोजगार हो गया था। बेरोजगारी के कारण उसकी शादी तय नहीं हो रही थी।

पुलिस के अनुसार प्रदीप गिरी पिता शिवजी गिरी (26) झुग्गी भीम नगर में रहता था और मेडिकल स्टोर पर काम करता था। शनिवार सुबह उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि करीब तीन महीने पहले मेडिकल स्टोर से उसका काम छूट गया था। वह बेरोजगार हो गया था। परिजन ने बताया कि बेरोजगारी के कारण वह तनाव में रहने लगा था और गुमशुम रहता था। उसे देखने के लिए लड़की वाले आते थे और काम के बारे में पूछकर चले जाते थे। बेरोजगारी के कारण उसकी शादी तय नहीं हो रही थी। इस बात को लेकर वह चिंतित था।

### नशामुक्ति केंद्र से लौटे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित न्यू अशोका गार्डन में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह नशे का आदी था और एक महीने पहले नशामुक्ति केंद्र से घर लौटा था। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार रोहित कनोजिया पिता राजेंद्र कनोजिया (32) न्यू अशोका गार्डन में रहता था और लाउंड्री का काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। रोहित की शराब पीने की आदत से परेशान होकर परिजन ने उसे नशामुक्ति केंद्र भेज दिया था। वहां से करीब एक महीने पहले ही वह घर आया था। परिजन ने बताया कि शुक्रवार रात रोहित अपने कमरे में था। शनिवार सुबह वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन उसके कमरे में पहुंचे थे। इस दौरान पता चला कि उसने चादर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022